दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली ।। मंगलवार 07 मई –2024 ● वर्ष : 8 अंक : 207 पेज–08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




बसपा ने आखिरी वक्त पर बदला प्रत्याशी

## बाहुबली धनंजय की पत्नी श्रीकला का कटा टिकट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश से लोकसभा चुनाव के बीच बड़ी खबर सामने आई है। बहुजन समाजवादी पार्टी ने जौनपुर सीट से उम्मीदवार बाहुबली नेता धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह का टिकट काट दिया है। अब यहां से श्याम सिंह यादव को बसपा ने उम्मीदवार बनाया है। जानकारी के अनुसार, बसपा ने आखिरी वक्त में पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह का टिकट काटा है। अब उनकी जगह निवर्तमान बसपा सांसद श्याम सिंह यादव पार्टी के उम्मीदवार होंगे।



कुछ दिनों पहले श्रीकला का टिकट कटने की चर्चा चल रही थी लेकिन रविवार की शाम नगर स्थित केंद्रीय कार्यालय पर उद्घाटन करते समय बसपा कोऑर्डिनेटर घनश्याम चंद्र खरवार ने इसे अफवाह बताया था। वहीं सोमवार की सुबह उनके टिकट कटने की पुष्टि बसपा जिलाध्यक्ष संग्राम भारती ने की। उन्होंने बताया कि श्रीकला सिंह का टिकट कट गया है अब उनकी जगह बसपा के निवर्तमान सांसद श्याम सिंह यादव नामांकन करेंगे। इनके टिकट कटने का कारण क्या है यह तो नहीं पता। जानकारी मिली है कि टिकट कटने के बाद श्रीकला ने कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई है।

बैठक में तय किया जाएगा कि श्रीकला सिंह निर्दल चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगी या नहीं। श्रीकला ने चार दिन पहले ही पर्चा दाखिल किया था।

## उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण के लिए मतदान आज

**लखनऊ।** लोकसभा के तीसरे चरण का मतदान आज होगा। प्रदेश की दस सीटों पर होने वाले इस मुकाबले का व्यूह रचा जा चुका है। इन दस सीटों में से पिछली बार आठ पर भगवा परचम फहराया था। मात्र दो पर ही साइकिल सरपट चली थी। बसपा का तो खाता भी नहीं खुला था।




इस बार भाजपा के सामने जहां अपने पुराने प्रदर्शन को बरकरार रखने की चुनौती होगी, तो वहीं विपक्ष को अपना ग्राफ बढ़ाने का मंत्र ढूंढना होगा।

संभल के समीकरण उलझे हुए हैं। सपा ने जियाउर्रहमान बर्क को टिकट दिया है। भाजपा ने भी अपने पुराने दिग्गज परमेश्वर लाल सैनी को मैदान में उतारा है। पूर्व विधायक सौलत अली हाथी पर सवार होकर चुनावी रण में उतरे हैं। ऐसे में यहां मुकाबला कड़ा हो गया है। यहां बसपा के सौलत सपा के वोटों में सेंध लगा रहे हैं। यहां सैनी, तुर्क और शेखजादा बिरादरी में इस बार तगड़ी चुनावी मशक्कत है।

रुहेलखंड की सबसे अहम सीट बरेली में बसपा प्रत्याशी के मैदान से बाहर होने के बाद लड़ाई सीधी जंग में तब्दील है। भाजपा ने आठ बार के सांसद संतोष गंगवार का टिकट काटकर कुर्मी बिरादरी के ही छत्रपाल गंगवार को मौका दिया है। उधर, सपा के टिकट पर प्रवीण सिंह ऐरन पांचवीं बार भाग्य आजमा रहे हैं। वर्ष 2009 में जीत का सेहरा भी पहना था। आमने-सामने की जंग में ध्रुवीकरण ही जीत की राह आसान बनाएगी।

मुस्लिमों का पूरा झुकाव सपा की तरफ है और हिंदू मतों में सेंधमारी जारी है। उधर, भाजपा हिंदू मतदाताओं की एका से जीत की राह तैयार करना चाहती है।

भाजपा ने दिग्गज राजकुमार चाहर को फिर से मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने रामनाथ सिकरवार पर दांव लगाया है। पार्टी के अलावा सिकरवार अपनी पहचान के दम पर ज्यादा मजबूती के साथ मैदान में हैं। उधर, रामनिवास शर्मा हाथी पर सवार होकर आए हैं। हालांकि शर्मा सक्रिय राजनीति से लंबे समय तक दूर रहे हैं, लेकिन उनका जातीय समीकरण किसी का भी खेल बिगाड़ सकता है।

भगवा खेमे ने यहां से टिकट बदलकर अनूप प्रधान वाल्मीकि को मैदान में उतारा है। उनकी राह रोकने को सपा ने जसवीर वाल्मीकि को चुनावी रण में उतार दिया। बसपा ने हेमबाबू धनगर को टिकट दिया है। हाथरस एससी वर्ग के लिए आरक्षित सीट है। ऐसे में यहां मुकाबलों का ताना-बाना कुछ इस तरह बुना गया है कि सभी एक-दूसरे की राह काटते नजर आ रहे हैं।

फिरोजाबाद : त्रिकोणीय मुकाबले के आसार - भाजपा ने पिछली जीत के बावजूद टिकट बदलकर ठाकुर विश्वदीप सिंह को दंगल में उतारा है। सपा ने भी यहां तगड़ा दांव चलते हुए वर्ष 2014 में चुनाव जीते अक्षय यादव को टिकट दिया है। बसपा ने चौधरी बशीर को टिकट देकर जहां सपा को झटका देने की कोशिश के साथ ही अलग राह बनाने की भी कवायद की है।

मैनपुरी : मुलायम की विरासत पर जोर-आजमाइश - मुलायम सिंह यादव की विरासत पर जोर-आजमाइश चल रही है। यहां सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की बहू डिंपल यादव साइकिल पर सवार होकर चुनावी मैदान में उतरी हैं। उधर, भाजपा ने प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह को चुनावी मैदान में उतार दिया है। वहीं, बसपा ने शिवप्रसाद यादव को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है। वह दलितों के अलावा यादव मतदाताओं में भी सेंध लगा रहे हैं।

आगरा : केंद्रीय मंत्री के कद और प्रतिष्ठा का होगा इम्तिहान - आगरा लोकसभा सीट 2009 से भाजपा के कब्जे में है। 2009 और 2014 में रामशंकर कठेरिया चुने गए, वहीं 2019 में भाजपा से एसपी सिंह बघेल चुने गए। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने जाटव समुदाय के प्रत्याशी उतारे हैं और दोनों ही नए चेहरे हैं।

## तीन साल से जमे बाबुओं की हिली कुर्सियां

### जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बदला आठ कर्मचारियों का स्थान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सरकारी विभाग की कुर्सियों से बाबूओं का रिश्ता फैवीकोल की तरह मजबूत जोड वाला बतायाजाता है। ये जोड ऐसा होता है कि अक्सर छूटता ही नहीं है। गाजियाबाद के विभिन्न सरकारी विभागों में एक ही सीट पर कई कर्मचारी दशकों तक की पारी खेलते हुए देखे गये हैं। अगर अधिकारी सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य कराने वाला आ जाये तो फिर अच्छे से अच्छे जोड़ खुल जाते हैं।

कुछ ऐसा ही जीडीए में भी हुआ है। यहां पर लंबे समय से अपनी कुर्सियों पर जमे आठ कर्मचारियों का स्थानान्तरण अतुल वत्स ने तत्काल प्रभाव से कर दिया है। ये तबादले आशुलिपिक, लिपिक-1 और लिपिक-2 के स्तर पर किये गये है। जीडीए में अचानक एक साथ इतनी सारी कुर्सियों के हिलने से चर्चाओं का बाजार गर्म है। बताया जाता है कि इनमें से स्थानान्तरित किये गये कुछ कर्मचारी तो अपनी सीट पर पिछले पांच वर्षों से जमे हुए थे। खास बात यह है कि इनमें से कई कर्मचारी तो अपने दायित्व के अलावा उच्चाधिकारियों के पीए का भी काम देख रहे थे।

### इन आठ कर्मचारियों का बदला गया है प्रभार

करंट क्राइम। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने अपने आदेशों में आठ कर्मचारियों का स्थानान्तरण किया है। लैटर सचिव, राजेश कुमार सिंह ने तत्काल प्रभाव से आदेशों का पालन कराते हुए लिखा है जिसमें अनुमोदन जीडीए उपाध्यक्ष का है। उपाध्यक्ष कार्यालय में अब लिपिक–1 की जिम्मेदारी राजेश मिश्रा और लिपिक–2 की जिम्मेदारी अमित पाल संभालेंगे। जीडीए सचिव के आशुलिपिक की जिम्मेदारी शशि बाला जैन और लिपिक –1 की जिम्मेदारी अजय पाल को दी गई है। अपर सचिव के आशुलिपिक महेन्द्र सिंह चौहान और लिपिक–1 प्रेम शुक्ला को बनाया गया है। ओएसडी–1 का लिपिक योगेन्द्र पाल सिंह और ओएसडी–2 का लिपिक जय भगवान शर्मा को बनाया गया है। वित्त नियंत्रक का लिपिक रामबरन यादव को बनाया गया है। मुख्य अभियन्ता के आशुलिपिक की जिम्मेदारी अब लटूर सिंह संभालेंगे। सीएटीपी के प्रथम लिपिक का कार्यभार दिनेश शर्मा को दिया गया है।



## जीडीए वीसी अतुल वत्स ने किया नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह का प्रस्ताव स्वीकार

### नगर निगम के तीन अभियन्ताओं को इन्दिरापुरम हस्तान्तरण योजना में किया गया शामिल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इन्दिरापुरम योजना के नगर निगम को हैंडओवर करने का मुद्दा कई दशकों से चर्चाओं में है। हस्तान्तरण की कार्यवाही कब होगी, इसको लेकर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण और नगर निगम के अधिकारियों की संयुक्त समिति का गठन 23 अप्रैल 2024 को किया गया। 15 सदस्यीय टीम की अध्यक्षता की जिम्मेदारी जीडीए सचिव, राजेश कुमार सिंह को दीगई थी। टीम घोषित होने के बाद 01-05-2024 को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जीडीए उपाध्यक्ष से अनुरोध किया था कि उनके नगर निगम के तीन अभियन्ताओं को कमेटी में सम्मिलित कर लिया जाये। जीडीए वीसी ने नगर आयुक्त के इस प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से स्वीकार किया है। 15 सदस्यीय ये कमेटी आने वाले 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

### ये है कमेटी का प्रारूप

इन्दिरापुरम योजना के हस्तान्तरण को लेकर बनायी गई कमेटी का अध्यक्ष जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह को बनाया गया है। सह अध्यक्ष की जिम्मेदारी नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अबनेन्द्र कुमार सिंह को दी गई है। इसके अलावा सदस्य के रूप में इसमें जीडीए की ओर से अपर सचिव सी पी त्रिपाठी, प्रभारी मुख्य अभियन्ता मानवेन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता विद्युत विरेन्द्र कुमार और उद्यान अधिकारी शशि भारती को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा सदस्य के रूप में नगर निगम से मुख्य अभियन्ता एनके चौधरी, जनरल मैनेजर जल विभाग केपी आनन्द, अधिशासी अभियन्ता देशराज सिंह, सहायक अभियन्ता गणेश लाल, सहायक अभियन्ता अनूप कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश, उद्यान अधिकारी अनुज सिंह और विद्युत अधिकारी हश कुमार को दिया गया है।

## 10 मई को जनरल वीके सिंह के जन्मदिवस पर होगा विशाल भंडारा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद गाजियाबाद



### 2/27, राजनगर आवास पर सुबह 11 बजे से शुरू होगा प्रसाद वितरण, जल्द पहुंचेंगे व्हाट्सऐप के माध्यम से निमंत्रण पत्र

### जैसा बर्थडे वर्ष 2019 में मनाया था वैसा ही बर्थडे वर्ष 2024 में मनेगा

रिटायर्ड जनरल वीके सिंह हर बार की तरह इस बार भी अपना जन्मदिन गाजियाबाद में सैलीब्रेट करेंगे। हर बार की तरह इस बार भी राजनगर 2/27 उनके आवास पर भंडारे का आयोजन होगा। जनता को प्रसाद वितरण किया जायेगा। जनरल वीके सिंह का यह भंडारा उन चेहरों को हैरानी में डाल रहा है जो ये चर्चाएं कर रहे थे कि टिकट नहीं होने के बाद जनरल वीके सिंह गाजियाबाद में ज्यादा अपनी सक्रियता नहीं रखेंगे। मगर उनके जन्मदिन पर होने जा रहे भंडारे में इन तमाम तरह की चर्चाओं को बिखेर दिया है। कहने वाले यही कह रहे हैं कि जनरल साहब ने अपने जन्मदिवस पर भंडारे का आयोजन करके ये संदेश दे दिया है कि गाजियाबाद से उनका जुड़ाव केवल चुनावी नहीं है। भले ही उनका टिकट रिपीट ना हुआ हो। मगर उनकी भावनाएं आज भी पहले की तरह जनता के साथ है। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने श्री सिंह की पुत्री मृणालिनी सिंह से बात की।

मृणालिनी सिंह ने बताया कि बर्थडे में सभी आमंत्रित हैं। जल्द ही इसके इन्वीटेशन व्हाट्सऐप के माध्यम से भेजे जायेंगे। जब करंट क्राइम ने कहा कि क्या जन्मदिन पर केक भी काटा जायेगातो इस पर मृणालिनी सिंह ने कहा कि जैसा बर्थडे वर्ष 2019 में मनाया था वैसा ही बर्थडे वर्ष 2024 में मनेगा। रही बात केक काटने की तो आज तक साहब के बर्थडे पर केक नहीं काटा गया है। उन्होंने कहा कि जन्मदिन पर भंडारा रहेगा जो 10 मई को सुबह 11 बजे से चालू रहेगा।

## वरिष्ठ पत्रकार अनुराग चढ्डा की माता का निधन हिंडन पर हुआ अंतिम संस्कार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** न्यूज वन इंडिया के एडिटर इन चीफ वरिष्ठ पत्रकार अनुराग चढ्डा की 70 वर्षीय माता कमला देवी का निधन सोमवार हो गया। कमला देवी काफी समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनका अंतिम संस्कार हिंडन मोक्ष स्थली पर किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी, स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कई टीवी चैनलों के हेड मौजूद रहे। दैनिक करंट क्राइम भी दुख की इस घड़ी में अनुराग चढ्डा के परिवार के साथ है और भगवान से प्रार्थना करता है कि अनुराग चढ्डा व उनके परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। साथ ही अपनी शोक संवेदना व्यक्त करता है। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी ट्विटर पर शोक जाहिर किया।




## जब भीषण आग ने फुला दी अग्निशमन वालों की सांस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद दमकल विभाग और यहां के पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने सामूहिक प्रयास करते हुए गाजियाबाद के साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया साइट चार में संचालित पहाड़पुर कूलिंग टॉवर्स प्राइवेट लिमिटेड में रविवार की रात बड़ी आग लग गई थी, उसे बुझाने का काम किया। गाजियाबाद दमकल विभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि इस भीषण आग को बुझाने में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट और हापुड़ फायर स्टेशन की मदद ली गई थी। लगभग 15 घंटे में इस भीषण आग पर काबू पाया जा सका है। जिसे बुझाने के लिए तीन जिलों की लगभग 15 फायर टेंडर का इस्तेमाल किया गया और 60 से अधिक अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने इस आग को बुझाने में कड़ी मशक्कत की। दमकल विभाग गाजियाबाद के अधिकारियों का कहना है कि टीन शेड के अंदर हजारों की संख्या में फाइबर और प्लास्टिक के पाट्र्स और तीव्र जलनशील रासायनिक पदार्थ के ड्रम रखे हुए थे, जिसके बाद उसमें विस्फोट हो रहे थे। ऐसी विषम परिस्थितियों में आग बुझाने बेहद चुनौती पूर्ण था।

**15 घंटे में 3 जिलों के 60 कर्मचारियों ने मशक्कत से बुझाई आग**

### दमकल विभाग की वजह से नहीं गई किसी की जान और कम हुआ नुकसान




करंट क्राइम। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि रविवार को रात करीब 9 :27 पर कंट्रोल रूम वैशाली फायर स्टेशन को आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना प्राप्त होती है तत्काल तीन फायर टेंडर वैशाली फायर स्टेशन, एक फायर टेंडर साहिबाबाद और कोतवाली से मंगवाए गए। इसके बाद आग तेजी से बढ़ रही थी और फाइबर प्लास्टिक और लकड़ी के समान में आग फैलती जा रही थी। फायर टेंडर से पंपिंग कर आग को बढ़ने से रोकने के लिए चारों तरफ पहले पानी डाला गया, फिर अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर साहिबाबाद, कोतवाली, लोनी और मोदीनगर से फायर टैंकर मंगवाए गए। इसके साथ ही गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट और नोएडा के भी फायर टैंकर मांगे गए थे। आग बुझाने में लगभग 15 घंटे से अधिक का समय लगा और इस दौरान दमकल विभाग के साथ कर्मचारी भी इस आग को बुझाने में शामिल रहे। राहत की बात यह है कि इसमें कोई जनहानी नहीं हुई है और कंपनी का जो करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। पर आसपास की औद्योगिक इकाइयों को आग से पूरी तरीके से बचा लिया गया।



### सुबह 10:30 बजे बुझ पाई पूर्ण रूप से आग

करंट क्राइम : दमकल विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जहां विस्फोट हो रहे थे, उसके बराबर में योगो साइंटिफिक इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड और ईदागाह एक धार्मिक स्थल था, यहां अंदर आग ना फैले, इसके लिए भी दमकल के अधिकारियों ने कड़ी मशक्कत की थी। अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि वैसे तो इस इंडस्ट्रियल कंपनी में आग बुझाने के तमाम उपकरण और संसाधन मौजूद थे लेकिन विस्फोटक और ड्रम में इतनी तेजी से आग फैल रही थी कि कर्मचारी और दमकल विभाग के स्टाफ को भी आग बुझाने में मुश्किल हो रही थी।



### इन अधिकारियों की रही ऑपरेशन में मौजूदगी

करंट क्राइम : गाजियाबाद में लगभग 15 घंटे तक भीषण अग्निकांड को बिना किसी जनहानि के समाप्त करने के दौरान पुलिस–प्रशासन और दमकल विभाग के अधिकारी मौके पर जम रहे। इस अग्नि एवं बचाव कार्य के दौरान उपजिलाअधिकारी अरुण दीक्षित, मुख्य अग्रिशमन अधिकारी राहुल पाल, सहायक पुलिस आयुक्त साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय, अग्निशमन अधिकारी शेषनाथ यादव कोतवाली फायर स्टेशन, तीन अग्निशमन द्वितीय अधिकारी वैशाली, मोदीनगर और लोनी फायर स्टेशन के साथ ही स्थानीय पुलिस और फायर सर्विस यूनिट की टीमों ने मौके पर सहयोग किया। जिसकी वजह से संपत्ति का एक बड़ा नुकसान होने रोक लिया गया।





# आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक दिलीप पांडे ने कहा : हम भाजपा के दबाव में नहीं झुके

**दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि हम भाजपा के दबाव में नहीं झुके। चुनाव आयोग ने हमारे कैंपेन सॉन्ग जेल का जवाब वोट से को अधिकारिक अनुमति दे दी है। हमने आयोग की किसी भी आपत्ति को स्वीकार नहीं किया, बल्कि उसकी आपत्ति पर ही सवाल उठाया।



27 अप्रैल को चुनाव आयोग ने आप के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगाकर मान लिया कि भाजपा की केंद्र सरकार तानाशाही है। भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का कर रही दुरूपयोग आप के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि बीजेपी की सरकार बदगुमानी में सभी संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या कर रही है और संविधान को मिट्टी में मिला रही है। भाजपा अपनी दूषित राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक नीचे जाने को तैयार है, लेकिन सत्य पर बीजपी का कोई नियंत्रण नहीं है। हमने मुण्डकोपनिषद् में भी यही पढ़ा है कि आखिरकार सत्य की ही जीत होती है और ये युगों-युगों से चला आ रहा है।

कैंपेन सॉन्ग को बैन को ईसी ने कर दिया था बैन उन्होंने कहा कि जब नाश मनुष्य पर छाता है तो पहले विवेक मर जाता है। विवेकहीन बीजेपी अपने अहंकार में सत्यमेव जयते का ध्येय वाक्य भी भूल गई है। इसका नतीजे यह हुआ कि 27 अप्रैल को चुनाव आयुक्त ने चिट्ठी लिखकर आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग को बैन कर दिया और उसपर कई आपत्तियां बता दीं। चुनाव आयोग की आपत्तियां बे-सिर पैर की हैं। ये आपत्तियां चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठा दिए हैं। आयोग ने अनजाने में ही सही, लेकिन एक सच को उजागर कर दिया और इस गाने के मुखड़े और अंतरे मे जो शब्द हैं, उसे बीजेपी से जोड़कर देखने लगी।

भाजपा को मिलेगा वोट से जवाब दिलीप पांडे ने बताया कि चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर आपत्ति जताई है कि उसमें जिस जेल का जवाब वोट से देने की बात कही जा रही है, वो ठीक नहीं है। जबकि हम गाने में कह रहे हैं कि विपक्षी दलों के नेताओं को जेल भेजने की राजनीति का हम अपनी वोट की ताकत से जवाब देंगे। इससे ज्यादा लोकतांत्रिक बात और क्या होगी? हमें हंसी आती है, जब चुनाव आयोग इसे न्यापालिका पर आक्रमण जैसा बताता है। लोकतंत्र में वोट से बड़ी कोई ताकत नहीं है। हम बीजेपी की तानाशाही का जवाब वोट की ताकत से देना चाहते हैं, तो चुनाव आयोग बीच में न्यायपालिका लेकर आ जा रहा है?

दिलीप पांडे बोले- इससे भी ज्यादा तीखे स्लोगन का हुआ इस्तेमाल दिलीप पांडे ने कहा कि कैंपेन सॉन्ग में इस तरह से पक्तियों का इस्तेमाल काफी पुराना है। हमारे राजनीतिक पूर्वजों ने इतिहास में इससे भी ज्यादा तीखे स्लोगन का इस्तेमाल किया है। जिसे देखकर चुनाव आयोग को शर्म आएगी। आयोग कहता है कि गाने में आम आदमी को जेल में डालने की बात भी सही नहीं है। जबकि हमने सिर्फ इतना कहा कि जिन लोगों ने भी इनका विरोध किया, इन्होंने उसे जेल में डाल दिया। अब ऐसे लोगों को हम वोट के जरिए सत्ता में जाने से रोकेंगे। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अगर हम कह रहे हैं कि इन सब चीजों के खिलाफ अपने वोट की ताकत का इस्तेमाल करेंगे और चुनाव आयोग या बीजेपी इसपर आपत्ति जताते हैं तो लोगों को ये समझने में देर नहीं लगनी चाहिए कि कौन किसके साथ है और कौन किसके खिलाफ है।

आप ने सॉन्ग को लेकर लिखी थी चिट्ठी उन्होंने बताया कि हमने 30 अप्रैल को चुनाव आयोग की चिट्ठी का खंडन करते हुए हर प्वॉइंट का जवाब दिया। हमने चुनाव आयोग की हर टिपण्णी पर अपनी आपत्ति जताई। हमने चुनाव आयोग की किसी भी आपत्ति और सुझाव को नहीं स्वीकार किया।

हमने अपने चुनावी कैंपेन सॉन्ग के किसी भी शब्द में बदलाव नहीं किया है।


### लोकतंत्र में नहीं है विश्वास

दिलीप पांडे ने कहा कि इस देश के संविधान ने हमें यही सिखाया है कि अगर आप किसी पार्टी को सत्ता से बाहर करना चाहते हैं तो आप अपने वोट का इस्तेमाल उसके खिलाफ करिए। दिक्कत यह है कि बीजेपी 5 साल में वोट करने की व्यवस्था को नहीं मानती है। पूरे देश के लोग वोट करेंगे, लेकिन बीजेपी के आशीर्वाद से सूरत के लोगों को इस बार बाबा साहब अंबेडकर के दिए गए वोट के अधिकार का इस्तेमाल करने को नहीं मिलेगा। क्योंकि बीजेपी का लोकतंत्र में विश्वास नहीं है।

### चुनाव आयुक्त ने सॉन्ग पर उठाए थे सवाल

उन्होंने कहा कि चुनाव आयुक्त ने कहा है कि गाने में तानाशाही पार्टी को हम चोट देंगे, कहना ठीक नहीं है, क्योंकि इससे हिंसा को बढ़ावा मिलेगा। आयोग की हिंदी इतनी कमजोर है कि वो चोट को केवल हिंसा से जोड़कर देख पा रहा है। चोट दिल, दिमाग, अहंकार, कुशासन और गुंडागर्दी पर भी लगती है। चोट के कई सारे संदर्भ हैं, लेकिन आयोग केवल इतना ही समझ पाया। साथ ही आयोग ने इसे सत्ताधारी पार्टी से जोड़ दिया। इसका मतबल आयोग भी जानता है कि तानाशाह कौन है और किसकी तानाशाही पर चोट पहुंचने वाली है। इसमें हमने गतल क्या कहा है? हमारा कहना है कि जो पार्टी तानाशाही दिखा रही है, उसपर हम वोट की ताकत से चोट करेंगे। यही लोकतंत्र की प्रक्रिया है।

# अमित शाह बंगाल में बोले 30 से अधिक सीटों पर भाजपा की जीत पक्की



**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि इस बार राज्य में 30 से अधिक लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत पक्की है। केंद्रीय गृह मंत्री ने भाजपा उम्मीदवार अमृता रॉय के समर्थन में पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में एक रोड शो के मौके पर मीडियाकर्मियों से कहा, "हमें कम से कम 30 सीटों पर अपनी जीत का भरोसा है। यह भी संभव है कि इस बार राज्य से बीजेपी की कुल सीटें 35 तक पहुंच जाए।" गृह मंत्री ने कहा, "इस रोड शो में विशाल जनसमूह की उत्साहपूर्ण भागीदारी से मैं अभिभूत हूं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठ रुकनी चाहिए या नहीं, सीएए लागू होना चाहिए या नहीं, ये गुंडागर्दी बंद होनी चाहिए या नहीं? भ्रष्टाचार का ये युग खत्म होना चाहिए या नहीं।" उन्होंने यह भी कहा कि तृणमूल कांग्रेस राज्य के लोगों को ऐसे खतरों से मुक्ति नहीं दिला सकती। उन्होंने लोगों से बिना किसी डर के मतदान करने की भी अपील की।

भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने इस बार राज्य में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, ह्लमुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गुंडों से डरने की कोई जरूरत नहीं है। सुरक्षा व्यवस्था के कारण वे इस बार आपको नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे।"

# समाजवादी पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष बने श्यामलाल पाल

### दो बार लड़ चुके हैं विधानसभा का चुनाव



**प्रयागराज ।** समाजवादी पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल जिले के प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गांव के रहने वाले हैं। सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नरेश उत्तम के स्थान पर श्यामलाल पाल को यूपी की कमान सौंप दी। पाल को प्रदेश सपा का मुखिया बनाने पर सपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया।

प्रयागराज से पहले ऐसे नेता हैं जो प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचे हैं। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दी गई बधाई श्याम लाल पाल के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर आज सपा के जिला कार्यालय जार्ज टाउन मे एक दूसरे को मिठाई खिला कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

जिलाध्यक्ष अनिल यादव, सैयद इफ़्तेखार हुसैन, पप्पूलाल निषाद, पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह, एमएलसी डॉ. मानसिंह यादव, विधायक विजमा यादव, गीता शास्त्री, हाकिम लाल बिन्द, संदीप पटेल, पूर्व विधायक गण जोखूलाल यादव, अंसार अहमद, मुजतबा सिद्दीकी, हाजी परवेज अहमद, सत्यवीर मुन्ना, बासुदेव यादव, कमल सिंह यादव, कृष्ण मूर्ति सिंह, पंधारी यादव, रामानंद भारतीय, नरेन्द्र सिंह, अमरनाथ मौर्य, उज्जवल रमण सिंह, राम सुमेर पाल, रविंद्र यादव, दान बहादुर मधुर, नाटे चौधरी, राम अवध पाल, संतलाल वर्मा, सुरेश यादव, राम प्रताप पाल, संजय मौर्य, राम प्रताप यादव, संजीव यादव, सुरेश यादव, सचिन श्रीवास्तव, पंडित सुमन शर्मा, पुन्ना पासी, राजेश यादव, मंजू यादव, प्रतिमा रावत, सत्य भामा मिश्रा, नवीन यादव, आशुतोष तिवारी, मुलायम यादव, शकील अहमद, राम दुलार यादव, जीतलाल यादव, अमर सिंह, बच्चा यादव, श्याम सूरत सरोज, हरिश्चन्द्र यादव, आदि खुशी जाहिर की।

# कोर्ट ने मंजूर किया बीआरएस नेता के. कविता का आवेदन

### ईडी और सीबीआई को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने बीआरएस नेता के कविता के आवेदन को अनुमति दे दी है। केंद्रीय एजेंसियां के. कविता को 7 मई को विशेष सीबीआई न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश करेंगी। दिल्ली की अदालत ने बीआरएस नेता के कविता के आवेदन को अनुमति दे दी है।



इस आवेदन में केंद्रीय एजेंसियों को के कविता को 7 मई को विशेष सीबीआई न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। दिल्ली अदालत ने ईडी और सीबीआई दोनों को नोटिस जारी किया था। हाल ही में कोर्ट ने तिहाड़ के अधिकारियों को वर्चुअल सुनवाई के जरिए कविता को कोर्ट के सामने पेश करने का निर्देश दिया था। कविता को पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने और बाद में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 11 अप्रैल को तिहाड़ जेल में रहते हुए गिरफ्तार किया था। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने तब उन्हें सीबीआई की हिरासत में भेज दिया था और कहा था कि आरोपी से विस्तृत और निरंतर पूछताछ आवश्यक है। अदालत ने बृहस्पतिवार को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में के कविता की जमानत याचिका पर अपना फैसला 6 मई तक के लिए टाल दिया था। वह 7 मई तक न्यायिक हिरासत में हैं। कविता ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है, जिसका उद्देश्य उन्हें और उनकी पार्टी को आगामी आम चुनावों में समान अवसर से वंचित करना है।

उन्होंने दावा किया है कि तेलंगाना में नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से कुछ दिन पहले सीबीआई की ओर से उनकी गिरफ्तारी केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से उनके चुनाव प्रचार में बाधा डालने के लिए की गई थी।

# कुल्हाड़ी से काटकर युवक की बेरहमी से की हत्या

### उधार दिए हुए पैसे लेने गया था युवक



**मेरठ ।** मेरठ के लोहियानगर थाना क्षेत्र स्थित गांव फतेउल्लापुर में युवक की कुल्हाड़ी से काट कर निर्मम हत्या कर दी गई। युवक का खून से लथपथ शव एक बिल्डिंग मेटीरियल की दुकान के पास प्लॉट में पड़ा हुआ था। हत्या से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, मौके पर पहुंची पुलिस को शव के पास से खून से सनी कुल्हाड़ी और दरांती भी मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मृतक सोमवार रात आठ बजे नूर गार्डन के रहने वाले युवक से उधार दिए गए रुपए लेने की बात कह कर घर से निकला था। देर रात 11 बजे तक पत्नी से फोन पर बात होती रही, उसके बाद फोन नहीं उठा।

जानकारी के अनुसार लोहिया नगर इंस्पेक्टर संजय पांडेय ने बताया कि कोतवाली सोहराब गेट का रहने वाला शाहिद पुत्र नजीर पुताई का काम करता था, शाहिद अपनी पत्नी नाजो और एक बेटी के साथ किराए का मकान लेकर ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रह रहा था। बताया गया कि शाहिद ने कुछ समय पूर्व लोहियानगर थाना क्षेत्र स्थित नूर गार्डन के रहने वाले मोबिन को कुछ रुपए उधार दिए थे।

देर रात तक भी जब शाहिद घर नहीं पहुंचा तो पत्नी नाजो को चिंता हुई और उसने शाहिद को फोन कर घर आने की बात कही जिसके बाद शाहिद ने जल्द घर पहुंचने की बात कहते हुए फोन काट दिया। उसके बाद पत्नी नाजो पूरी रात फोन मिलती रही, लेकिन फोन नहीं उठा अनहोनी की आशंका के चलते नाजो निकट ही रहने वाले शाहिद के जीजा इरफान के पास पहुंची और पूरा मामला बताने के बाद इरफान को लेकर नूर गार्डन स्थित मोबिन के घर पहुंच गई लेकिन मोबिन के घर पर ताला लगा हुआ था।

मृतक के जीजा इरफान ने बताया कि मोबीन गांव फतेउल्लापुर मैं मौजूद सलीम की बिल्डिंग मेटीरियल की दुकान पर ट्रैक्टर चलाने का काम करता है। इरफान ने सलीम को फोन कर मोबिन के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया तभी सलीम ने इरफान को बताया कि उसकी दुकान के बराबर में मौजूद प्लांट के अंदर किसी को मारकर डाला हुआ है।

इरफान मृतक की पत्नी नाजो को लेकर सलीम बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पर पहुंचा, वहा पड़े शव को देखकर चीख-पुकार मच गई, नाजो शव को देखते ही बदहवास हो गई क्योंकि मृतक कोई और नहीं बल्कि नाजो का पति शाहिद था।

खून से लथपथ शव के पास कुल्हाड़ी और दरांती पड़ी हुई थी, आरोपी ने मृतक के गले को काटकर उसकी हत्या की थी, जबकि मृतक की आंख भी बाहर निकली हुई प्रतीत हो रही थी। लोहिया नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार सिंह का कहना है कि पत्नी की तरफ से हत्या की तहरीर दी जा रही है। वहीं पुलिस लेनदेन को लेकर हत्या की बात मानकर चल रही है।

# गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का पार्थिव शरीर वृंदावन लाया गया, अंतिम दर्शन के लिए लगी भीड़



**आगरा।** इस्कॉन के सबसे वरिष्ठ संन्यासियों में से एक और इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल (आईजीसी) के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का रविवार सुबह देहरादून में निधन हो गया। खबर सुनकर भक्तों व संस्था के वृंदावन सहित विश्व के मंदिरों में शोक की लहर दौड़ गई। गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का पार्थिव शरीर वृंदावन लाया गया। यहां इस्कॉन मंदिर में प्रभुपाद की समाधि के पास ही अंतिम दर्शन के लिए सुबह 8.30 बजे से रखा गया। इसके बाद मंदिर की गोशाला के पास समाधि दी जाएगी। इस्कॉन मंदिर, वृंदावन के पदाधिकारी बृजधाम दास की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, विश्व भर में उनके लाखों भक्त हैं। वे भक्त अंतिम दर्शन के लिए वृंदावन के इस्कॉन मंदिर में आए हुए हैं। भक्तों में उनके निधन से शोक की लहर है। बता दें कि गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज दो मई को दूधली स्थित मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां वह अचानक फिसलकर गिर गए थे। इससे उनके फेफड़ों में पंक्चर हो गया था। तीन दिनों से उनका इलाज सिनर्जी अस्पताल में चल रहा था।

### दिल्ली में हुआ था जन्म

सन 1944 में नई दिल्ली में जन्मे गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज एक मेधावी छात्र थे। उन्हें सोरबोन विश्वविद्यालय (फ्रांस) और मैकगिल विश्वविद्यालय (कनाडा) में अध्ययन करने के लिए दो छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं थीं। उन्होंने 1968 में कनाडा में अपने गुरु और इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद से मुलाकात की और तब से उन्होंने सभी की शांति और कल्याण के लिए भगवान कृष्ण और सनातन धर्म की शिक्षाओं को दुनिया के साथ साझा करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया।

# कांग्रेस ने गहलोत को दी अमेठी व भूपेश बघेल को रायबरेली की जिम्मेदारी

**लखनऊ ।** कांग्रेस ने अमेठी व रायबरेली सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व भूपेश बघेल को पर्यवेक्षक तैनात किया है। दोनों ही सीटों पर प्रियंका गांधी की टीम भी काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी अमेठी और रायबरेली की सीट हर हाल में अपने पास बनाए रखना चाहती है। इसके लिए दोनों ही सीटों पर प्रियंका गांधी अपनी 40 सदस्यीय टीम के साथ काम पर लगी हुई हैं। इसके तहत वह घर-घर में दस्तक देंगी और नुक्कड़ सभाएं करेंगी। वहीं, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अमेठी लोकसभा सीट पर व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को रायबरेली सीट की जिम्मेदारी देते हुए पर्यवेक्षक तैनात किया है।



रायबरेली सीट पर राहुल गांधी प्रत्याशी हैं जबकि अमेठी सीट पर गांधी परिवार के करीबी रहे किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। लंबे समय तक चली रस्साकशी के बाद अंतिम दिन रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से केएल शर्मा मैदान में उतर गए हैं। नामांकन के वक्त सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी भी राहुल के नामांकन में शामिल होकर एकजुटता का संदेश दिया। अब इन दोनों सीटों की कमान प्रियंका गांधी को सौंपी गई है। पार्टी की ओर से अभी तक अधिकृत कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है, लेकिन प्रियंका गांधी की 40 सदस्यी टीम रायबरेली पहुंच गई है। यह टीम प्रियंका के चुनाव प्रचार की रणनीति तैयार कर रही। सूत्रों के मुताबिक प्रियंका गांधी सामाजिक न्याय के मुद्दे को आक्रामक तरीके से उठाएंगी। इसके लिए प्रदेशभर से डाटा इकट्ठा किए गए हैं। वह करीब 250 से ज्यादा नुक्कड़ सभा करेंगी। इन सभाओं में स्थानीय मुद्दे भी होंगे और मंच पर मौजूद लोगों को सामाजिक समीकरण की दृष्टि से रखा जाएगा।

### भारत की लुप्त हो रही जनजातियों के संरक्षण के लिए ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन की पहल

# HMIF ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश में वनीकरण परियोजना में जनजातीय समुदायों को संरक्षक के रूप में जोड़ा

**गुरुग्राम, 6 मई।** ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन (एचएमआईएफ) आदिवासी कल्याण और संरक्षण से जुड़े तमिलनाडु के इरुंगट्टुकोट्टै में इरुला जनजाति और आंध्र प्रदेश के कुरनूल में चेंचू जनजाति जैसे स्थानीय एवं कमजोर जनजातीय समुदायों के बीच 165 आदिवासी परिवारों को जोड़ते हुए एचएमआईएफ की सामाजिक पहल के साथ एकीकृत किया गया है।

### 165 जनजातीय परिवारों को मिला आजीविका का अवसर



एचएमआईएफ ने तमिलनाडु के कट्टैकुट्टु संगम थिएटर, पश्चिम बंगाल की सोहराई वॉल आर्ट, केरल के ओट्टम थुल्लल नृत्य, कर्नाटक के कावंडी निर्माण के संरक्षण के प्रयास एचएमआईएफ के कदमों के प्रमाण हैं। ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के एवीपी और वर्टिकल हेड ह्र कार्पोरेट अफेयर्स पुनीत आनंद ने कहा कि आदिवासी समुदायों के उत्थान और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में प्रयासों के माध्यम से ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन सामाजिक जिम्मेदारी और ह्यूंडई के ह्यप्रोग्रेस फॉर ह्यूमैनिटीह्व के वैश्विक दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। चेंचू और इरुला जनजातियों के सदस्यों को अपने वनीकरण के प्रयासों से जोड़कर और उन्हें संरक्षक के रूप में नियुक्त करके हम न केवल उनके उत्थान व आर्थिक और सामाजिक कल्याण में योगदान दे रहे हैं, बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने और अपनी परंपराओं को संरक्षित करने के लिए सशक्त भी बना रहे हैं। हमारा लक्ष्य एक ऐसा मंच बनाना है जहां ये समुदाय फल-फूल सकें और अपने पारंपरिक ज्ञान को भावी पीढ़ियों तक पहुंचा सकें।

**जनजातीय समुदायों का उत्थान एवं संरक्षण :** कुरनूल, आंध्र प्रदेश में चेंचू जनजातिः एचएमआईएफ ने चेंचू जनजाति के 150 से अधिक परिवारों वाले पांच गांवों की पहचान की है ताकि उनके कृषि कौशल को निखारते हुए एवं 250 एकड़ भूमि में आजीविका सृजन की गतिविधियों के माध्यम से उन्हें सशक्त किया जा सके। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान देती है बल्कि स्थानीय जनजाति के परिवारों को कृषि-वन के संरक्षक के रूप में जोड़ती है, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाती है और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है।

**संस्कृति एवं लुप्तप्राय कलाओं का संरक्षण :** कर्नाटक की सिद्दी महिलाओं द्वारा कावंडी बनानाः एचएमआईएफ ने पारंपरिक जनजातीय कलाओं को मान्यता देकर सांस्कृतिक संरक्षण को भी बढ़ावा दिया है। फाउंडेशन ने कावंडी बनाने की तकनीक के प्रचार-प्रसार के लिए अपने संरक्षण के प्रयासों के तहत कर्नाटक में महिलाओं को प्रशिक्षण, उपकरण और संसाधन प्रदान किए हैं, जिससे वे अपने कौशल को बढ़ाने में सक्षम हो सकें और आय के अवसर सृजित कर सकें।

तमिलनाडु का कट्टैकुट्टु संगम थिएटरः एचएमआईएफ विलुप्त हो रही कलाओं के संरक्षण में सक्रियता से प्रयासरत रही है। इनमें तमिलनाडु का कट्टैकुट्टु संगम थिएटर भी शामिल है, जिसे प्रसिद्ध कट्टैकुट्टु निर्देशक और नाटक लेखक श्री पी राजगोपाल के साथ मिलकर प्रमोशन एवं शो के माध्यम से संरक्षित किया जा रहा है।

पश्चिम बंगाल में संथाल गांवों द्वारा सोहराई लिखन पेंटिंगः सोहराई लिखन संरक्षण की पहल पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में संथाल गांवों की महिलाओं के साथ एचएमआईएफ द्वारा शुरू की गई एक और परियोजना है। सोहराई कला एक पारंपरिक दीवार पेंटिंग है जो संथाल गांवों की महिलाओं द्वारा फसल उत्सव की तैयारी में अपने मिट्टी के घरों पर अपनी उंगलियों का प्रयोग करके बनाई जाती है।

केरल का ओट्टम थुल्लल नृत्यः 18वीं शताब्दी में तत्कालीन प्रसिद्ध कवि कुंचन नांबियार द्वारा प्रस्तुत, ओट्टम थुल्लल केरल का वाचन और नृत्य कला का रूप है। यह हास्य के साथ समाज के महत्वपूर्ण पहलुओं को सामने लाता है।

# महाराजगंज सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश सिंह ने भरा नामांकन



**छपरा।** बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के बेटे आकाश प्रसाद सिंह ने महाराजगंज लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। इस मौके पर उनके पिता सहित परिवार के सदस्य के अलावा महागठबंधन के कई बड़े नेता मौजूद रहे। बिहार में महाराजगंज सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश सिंह ने भरा नामांकन बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के बेटे आकाश प्रसाद सिंह ने महाराजगंज लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। इस मौके पर उनके पिता सहित परिवार के सदस्य के अलावा महागठबंधन के कई बड़े नेता मौजूद रहे। नामांकन दाखिल करने के बाद आकाश सिंह ने जीत का दावा करते हुए कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार ने केवल महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाई है। कांग्रेस ने लोगों को राहत देने के लिए अपने घोषणापत्र में रसोई गैस सिलेंडर के दाम को 500 करने का वादा किया है।

उन्होंने आगे कहा कि मेरे नामांकन से भाजपा के होश उड़ गए हैं। हमारी जगह महाराजगंज की जनता के दिल में है। देश की जनता ने भाजपा को नकार दिया है। कांग्रेस पार्टी ने घोषणापत्र में गरीबों को प्रति परिवार एक लाख रुपए देने का वादा किया है। नामांकन के बाद आकाश सिंह रोड शो में शामिल हुए। यह रोड शो राजेंद्र स्टेडियम तक गया। इससे पहले आकाश सिंह पूरे परिवार के साथ सोनपुर स्थित हरिहर नाथ मंदिर पहुंचकर भगवान महादेव की पूजा-अर्चना की। महाराजगंज में छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान है। एनडीए ने यहां जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को प्रत्याशी बनाया है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# भाजपा के पांच पार्षदों के वार्ड में पड़े 31,983 मत, सभी का दावा अतुल गर्ग को मिलेंगे लगभग 25,400 वोट

गाजियाबाद, करंट क्राइम : 26 अप्रैल को गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हो चुका है। मतदान होने के बाद मतों की संख्या अब ईवीएम में कैद हो गई है लेकिन चुनावी गणित और मैनेजमेंट को लेकर चर्चाएं थम नहीं रही हैं। इसी कड़ी में दैनिक करंट क्राइम ने नदियापार और सिटी के भारतीय जनता पार्टी के अलग-अलग वार्ड के पार्षदों से बातचीत की। जिसमें उन्होंने बताया कि उनके वार्ड में कुल कितने वोट पड़े हैं और डाले गए। वोट में कितना वोट भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में आ सकता है। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पांच पार्षदों में जो जानकारी दी है उसके अनुसार 31,938 कुल वोट 5 पार्षदों के वार्ड में डाले गए हैं। जिसमें इनका अनुमान है कि 25,400 वोट भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में आ सकता है। प्रस्तुत है चुनावी गणित और मैनेजमेंट को लेकर दैनिक करंट क्राइम के पार्षदों से की गई बातचीत।

**सिटी और नदियापार में पार्षद बता रहे हैं वार्ड का हाल**

## वार्ड-60 में डले 9511 वोट, अुतल गर्ग के खाते में आएंगे 8500 : सचिन डागर



करंट क्राइम : वार्ड-60 से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद सचिन डागर हैं। उनके वार्ड में श्याम पार्क, इंदिरा गार्डन, मोहिनी गार्डन, बाबू जगजीवन राम कॉलोनी, राजेंद्र नगर औद्योगिक क्षेत्र, जय भारत एनक्लेव, शाहिद प्यारेलाल कॉलोनी, श्याम पार्क मेन, राम पार्क, कोहली एनक्लेव, राजीव कॉलोनी, जल निगम कॉलोनी, रामकृष्ण विहार, दुर्गा एनक्लेव कॉलोनी, सत्यम एंक्लेव, गिरधर एंक्लेव का इलाका आता है। यहां कुल वोटर्स की संख्या लगभग 20,000 के आसपास है। भारतीय जनता पार्टी के वार्ड-60 से पार्षद सचिन डागर का कहना है कि 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन उनके इलाके में लगभग 9511 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। उनका अनुमान है कि इसमें से लगभग 8500 वोट भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में जाएगा।




## वार्ड-71 में 7697 वोट, अतुल गर्ग को मिलेंगे 5500 : उमेश नागर पप्पू



करंट क्राइम : वार्ड- 71 इलाके में सेक्टर- 23 द्वितीय का इलाका आता है। यह वार्ड पुराना इलाका है। भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय पार्षद उमेश नागर पप्पू ने बताया है कि उनके यहां लगभग 13000 के आसपास कुल वोटर्स है। तो वहीं 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन उनके वार्ड में 7697 वोट पड़े हैं। यानी बड़ी संख्या में लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया है। षार्शद का अनुमान है कि भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में लगभग 5500 के आसपास वोट आने चाहिए।

## वार्ड-82 में पड़े 5249 कुल वोट, बीजेपी को मिलेंगे 2500 : किरण देवी



करंट क्राइम : वार्ड-82 से स्थानीय पार्षद किरण देवी हैं। उनके वार्ड में जवाहर पार्क का इलाका आता है। उन्होंने बताया कि उनके वार्ड में लगभग 12000 मतदाता निवास करते हैं। तो वही 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन लगभग 5249 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया है। पार्षद किरण देवी का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में लगभग 2500 से अधिक वोट जाने चाहिए, ऐसा उनका अनुमान है।

## वार्ड-37 में पड़े 4716 वोट, अतुल गर्ग के खाते में लगभग 4500 : रवि भाटी



करंट क्राइम : वार्ड-37 से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद रवि भाटी हैं। रवि भाटी के वार्ड में शालीमार गार्डन व पंचवाटिका का इलाका आता है। षार्षद रवि का कहना है कि उनके वार्ड में कुल 11976 वोटर्स हैं। जिसमें से 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन 4716 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डाला है। भाजपा षार्षद रवि भाटी का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में लगभग 4500 के आसपास वोट आना चाहिए।

## वार्ड-94 में डाले गए 48 10 वोट, भाजपा को जाएगा 4400 : कृष्णा शशि खेमका



करंट क्राइम : वार्ड-94 सूर्य नगर से पार्षद कृष्णा शशि खेमका हैं। उनके यहां मतदाताओं की कुल संख्या लगभग 9800 है। 26 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव के मतदान में लगभग 48 10 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। पार्षद कृष्णा शशि खेमका का कहना है कि लगभग 4400 वोटर्स भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में आना चाहिए। उनको भरोसा है कि मतदान का आकंडा मतगणना वाले दिन सही साबित होगा।

# बीस हजार का ईनामी शातिर ठग गिरफ्तार

**खोड़ा और नोएडा में पहचान बदलकर रह रहा था 5 साल से फरार आरोपी**

गाजियाबाद, करंट क्राइम : अपराधी कितना भी शातिर क्यों ना हो, पुलिस अगर उसके पीछे पड़ जाती है तो उसे खोज ही निकाल लेती है। कुछ ऐसा ही किया है गाजियाबाद की क्राइम ब्रांच का टीम ने। गाजियाबाद में लगभग 2019 से फरार ठगी के मामले के मुख्य आरोपी मुकेश मिश्रा जो कि वर्तमान में 20 हजार रुपये का इनामी बदमाश है, उसे क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार करने का काम किया है। क्राइम ब्रांच के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने बताया है कि आरोपी मुकेश मिश्रा बीते लगातार 5 सालों से अपनी पहचान बदलकर अलग-अलग स्थानों पर रह रहा था। 16 फरवरी 2024 को उसपर पुलिस उपायुक्त ग्रामीण जोन विवेक यादव द्वारा 20 हजार रुपये के नाम की घोषणा की गई थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच को इस मामले की जांच दी गई। क्राइम ब्रांच ने लगभग 5 साल से फरार मुकेश मिश्रा को दबोचा है जो धोखाधड़ी और ठगी के मुकदमे दर्ज हैं। उसे मुरादनगर की गंग नहर लोहे के पुल से गिरफ्तार किया है।

## कभी मुजफ्फरपुर, तो कभी खोड़ा और नोएडा में बनाया ठिकाना



करंट क्राइम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ठगी और लोगों के पैसे हड़पने के आरोपी मुकेश पहले मुजफ्फरपुर चला गया था। वहां राहुल व मुकेश साथ रहते थे। इसके बाद दोनों ने संबंध विच्छेद कर लिए। इस मामले में आदित्य पांडे से भी राहुल और मुकेश ने धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने बताया है कि पकड़ा गया मुकेश मिश्रा निवासी जनपद देवरिया की उम्र 32 साल है और यह 5 साल से पुलिस को चकमा देकर कभी मुजफ्फरपुर बिहार पहुंच जाता था। तो कभी खोड़ा और गौतमबुद्ध नगर में रहने लगता था। फिलहाल पुलिस ने पूछताछ के बाद ठगी के आरोपी मुकेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**क्राइम ब्रांच की स्वॉट टीम ने की मुकेश मिश्रा की गिरफ्तारी**

# खोड़ा में डाले गए 68000 वोट मिलेंगे भाजपा को 44000 वोट: योगेश भाटी





साहिबाबाद (करंट क्राइम)।26 अप्रैल को गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हो गया। मतदान के बाद सभी अपने अपने अनुमान लगा रहे हैं। भाजपा ने यहां सबसे बड़ी जीत का दावा किया था। लेकिन कम मतदान ने सारे अनुमान बिगाड़ दिये। सब अपने अपने दावे कर रहे हैं और इन दावों के बीच करंट क्राइम गाजियाबाद लोकसभा के खोड़ा के भाजपा नेता योगेश भाटी से बातचीत में उनका दावा है कि उनकी खोड़ा नगरपालिका से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग गर्ग भारी वोटों से जीत रहे है। योगेश पाटिल ने कहा घोड़े में 2 लाख के करीब वोट है, जिसमें 68000 वोट पड़े उन्होंने बताया कि 44000 से खोड़ा से जीता भेजा है अतुल गर्ग को।



# अवैध जलदोहन को लेकर क्या किसी बड़े खतरे का संकेत है

## जिलाधिकारी को लिखा भाजपा के पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने पत्र



गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद के रेड जोन के आने के बाद काफी कुछ बड़ें निर्णय लेने होंगे। जल माफियाओं के खिलाफ भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने एक पत्र जिलाधिकारी को सम्बोधित करते हुए लिखा है। इस पत्र की भाषा पर गौर करें तो इसके शब्द अवैध रूप से चल रहे जल दोहन को लेकर आने वाले किसी बड़े खतरे का संकेत दे रहे हैं। पूर्व पार्षद हिमांशु लव का ये पत्र उस समय सामने आया है जब एक शोध में गाजियाबाद को जल की कमी की वजह से रेड एरिया घोषित किया गया है। रेड एरिया घोषित होने का मतलब है कि क्षेत्र में काफी संख्या में जल माफिया एक्टिव है जो अपनी अवैध रूप से चल रही व्यवसायिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भूजल का व्यापक रूप से दोहन कर रहे है। गाजियाबाद में बड़े पैमाने पर जल दोहन का कार्य चल रहा है जिस पर फिलहाल कोई सख्त कार्यवाही होती हुई नजर नहीं आ रही है। हिमांशु लव का ये पत्र जहां भविष्य के लिए जहां एक गहरी चिंता का विषय है वहीं आने वाली पीढ़ियों के लिए हम कितना जल उपलब्ध करा पायेंगे इसको लेकर भी खतरे की घंटी है।

### डीएम साहब नगर निगम के ट्यूबवैल हो रहे हैं दो वर्षों में रिपेयर : हिमांशु लव

करंट क्राइम। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने जिलाधिकारी को लिखा है कि गाजियाबाद के रेड एरिया घोषित होने के बाद मैं आपकी जानकारी में लाना चाहता हूं कि गाजियाबाद महानगर का भूजल स्तर निरंतर गिर रहा है। फिलहाल 250 फीट पर पीने योग्य पानी मिलता है। वहीं नगर निगम और जल निगम जनता के लिए पीने के पानी के टयूबवैल को बोर करते है तो वह लगभग 525 फीट तक बोर किया जाता है।

बावजूद इसके दोनों विभागों की ओर से लगाये गये टयूबवैल दो से तीन वर्षों में ही फेल हो जाते हैं। हिमांशु लव ने बताया कि उनके वार्ड संख्या 39 में नगर निगम की ओर से लगाये गये 4 टयूबवैल फेल हो गये है। इसके अलावा अन्य वार्डों में भी नगर निगम के टयूबवैल बंद पड़े है। नगर निगम इन बंद पड़े टयूबवैलों के स्थान पर नई जगह बोर करके कार्य चला रहा है। कई कंपनियां पानी के जार में आर-ओ के जल की सप्लाई करके अवैध रूप से जल दोहन कर रही है। देहात क्षेत्र में समरसिबल लगाकर जानवरों को नहलाने में पानी बर्बाद किया जा रहा है। इसके अलावा कार धुलाई से लेकर विभिन्न विषयों पर हिमांशु लव ने प्रकाश डाला है। उन्होंने जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह से निवेदन किया है कि वह तत्काल प्रभाव से अवैध रूप से हो रहे जल दोहन पर प्रतिबंध लगाने का कार्य करें।

# बढ़ती गर्मी में प्यास बुझाने का बनाया नगर निगम ने प्लान



गाजियाबाद, करंट क्राइम : दिल्ली-एनसीआर का मौसम बदल रहा है। तो वहीं अब तापमान बढ़ना शुरू हो गया है। गर्मी लोगों के जीवन पर असर डाल रही है, गर्मी में पानी की डिमांड बढ़ जाती है और बढ़ती गर्मी के बीच बिजली कटौती और खराब हैंडपंप लोगों की प्यास बुझाने में बांधा बनते हैं। इसको देखते हुए गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति को बेहतर बनाने और जनता को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसके लिए आईएएस अधिकारी नगर आयुक्त नगर निगम गाजियाबाद विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा कड़े निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद को जिले की जलापूर्ति और पेयजल की व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने जोन वार निरीक्षण करने के लिए कहा है ताकि क्षेत्र में लगे नलकूप, हैंडपंप को समय रहते ठीक किया जा सके। वहीं जहां किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आ रही है, उसे दूर कराया जा सके। नगर आयुक्त का यह निर्देश गर्मी के मौसम को देखते हुए दिया गया है।

## 8000 हैंडपंप और 64 टैंकरों से होगी पानी की सप्लाई



**शहर के सभी नलकूपों की मौके पर जाकर अधिकारी स्वयं करें जांच, नगर आयुक्त का है निर्देश**

### नगर आयुक्त की बेहतर सोच लोगों को नहीं होने देगी पानी की किल्लत

करंट क्राइम : नगर आयुक्त आईएएस अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक ने गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी की आपूर्ति और सामाजिक संस्था द्वारा प्याऊ लगाने का जो प्लान बनाया है, उससे गर्मी के मौसम में गाजियाबाद के लोगों को पानी के लिए तरसना नहीं पड़ेगा। साथ ही उनकी दैनिक आवश्यकता के लिए भरपूर पानी मिलेगा। वहीं लोग प्यास के लिए परेशान ना हों, इसके लिए भी उनके द्वारा इंतजाम किए जा रहे हैं।

### नलकूपों की कनेक्शन की सभी करवा लें जांच

करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने महाप्रबंधक जल को निर्देश दिया है की बढ़ती गर्मी को देखते हुए जल आपूर्ति को और बेहतर बनाया जाए। बंद नलकूप और हैंडपंप जहां पर भी हो उनको जल्द से जल्द चालू कराया जाए। साथ ही कहीं पर भी हैंडपंप बंद नहीं मिलनी चाहिए। जानकारी है कि शहर में लगभग 300 से अधिक 30 एचपी के नलकूप हैं। 1050 से अधिक छोटे नलकूप हैं। लगभग 7000 हैंडपंप भी क्षेत्र में जिला आपूर्ति के लिए लगे हुए हैं। आवश्यकता पड़ने पर 64 टैंकरों से भी जला आपूर्ति कराई जाएगी। अधिकारियों को रोस्टर के क्रम में नियमित क्षेत्र में रहने का निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जल कल विभाग का जो भी मरम्मत कार्य पेंडिंग है, उसे गर्मी को देखते हुए जल्द से जल्द पूरा और आवश्यकता अनुसार सुधारने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### पानी की हो किल्लत, तो शहरवासी इन नंबरों पर करें फोन

करंट क्राइम : गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहरवासियों को भीषण गर्मी वाले मौसम में जलापूर्ति व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश नगर आयुक्त विक्रम सिंह द्वारा जारी किए जा चुके हैं। वहीं अभी वर्तमान में पांच नलकूप बिजली के कनेक्शन न होने की वजह से बंद हैं। उनको भी तुरंत चालू करने के निर्देश नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जारी कर दिए हैं। साथ ही नगर निगम का सहयोग करने वाली सामाजिक संस्थाओं को भी आवश्यकता पड़ने पर अस्थाई रूप से प्याऊ लगाए जाने के लिए मोटिवेट किया जा रहा है। इस दौरान जलकल विभाग संबंधी समस्याओं के लिए मोहन नगर और वसुंधरा जोन के लिए 8178016856 पर और सिटी व कवि नगर जोन के लिए 8178016854 और विजयनगर अंतर्गत आने वाले जोन की संबंधित शिकायतों के लिए 817801 8395 पर उपभोक्ता शिकायत कर सकते हैं।

## संपादकीय

# दूध का क्रूर उत्पादन

जैसे-जैसे कृषि व्यवस्था यंत्र आधारित होती गई है, पशुपालन का मकसद शुद्ध रूप से व्यावसायिक होता गया है। दुग्ध उत्पादन एक बड़े कारोबार का रूप ले चुका है। खासकर शहरों में दूध और दुग्ध उत्पाद की लगातार बढ़ती मांग के मद्देनजर दुधारू पशुओं के पालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाता है। हालांकि देश के ज्यादातर राज्यों ने सहकारी दुग्ध समितियां गठित कर दी हैं, कई कंपनियां भी थैली का दूध और दुग्ध उत्पाद बेचती हैं। मगर बहुत सारे लोग शुद्धता के आग्रहवश अपने मुहल्ले की डेयरी या दूधिया से दूध लेना बेहतर समझते हैं। दवा से हार्मोंस तो बढ़ जाता है, लेकिन पशुओं की सेहत बिगड़ जाती है। इस तरह के दूध का कारोबार करने वालों के बारे में लंबे समय से मिलावट करने का तथ्य उजागर है। यहां तक कि नकली दूध का कारोबार भी चलता है। मगर अधिक से अधिक दूध उत्पादन की चाह में जिस तरह गाय-भैंसों और अन्य दुधारू पशुओं को दवा देकर उनका हार्मोन बढ़ाया जाता है, वह एक अलग त्रासद पक्ष है। दवा देकर हार्मोन बढ़ाने से पशुओं में दूध की मात्रा तो बढ़ जाती है, मगर उनकी सेहत पर पड़ने वाला प्रतिकूल प्रभाव उनके लिए भयावह होता है। ऐसे पशु जब दूध देना बंद कर देते हैं, तो उन्हें अनेक तकलीफदेह बीमारियां घेर लेती हैं। पशुओं को दवा देकर उनका हार्मोन बढ़ाने और अधिक से अधिक दूध खींचने को दिल्ली उच्च न्यायालय ने पशु क्रूरता माना है। अदालत ने अधिकारियों को आदेश दिया है कि वे डेयरियों में हार्मोन पैदा करने के लिए आक्सीटोसिन नामक दवा के उपयोग का पता लगाएं और ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें। अदालत ने खुफिया विभाग से आक्सीटोसिन के उत्पादन और वितरण के स्रोतों की पहचान करने को भी कहा है। छिपी बात नहीं है कि शहरों में चलाई जाने वाली डेयरियों में दुधारू पशुओं को एक संसाधन की तरह रखा जाता है।

## भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) को चालू करने पर सहमत

**नई दिल्ली।** भारत और घाना दोनों देशों के नागरिकों के लिए तत्काल फंड ट्रांसफर की सुविधा के लिए छह माह के भीतर घाना इंटरबैंक भुगतान और निपटान प्रणाली के साथ एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) को चालू करने पर सहमत हुए हैं। यह जानकारी वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को दी। घाना की राजधानी अकरा में 2-3 मई को भारत और घाना के अधिकारियों के बीच हुई संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की बैठक में इस मामले में सहमति बनी। वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों ने व्यापार में स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली (एलसीसीएस), डिजिटल परिवर्तन समाधान और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते द्वारा पेश अवसरों पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) की संभावनाओं पर भी चर्चा की। गौरतलब है कि फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और मॉरीशस में पहले से ही तत्काल फंड ट्रांसफर की सुविधा उपलब्ध है।

# वैश्विक सुरक्षा के लिए ऑनलाइन कट्टरपंथ महत्वपूर्ण चुनौती

किशन सनमुखदास भावनानी




वैश्विक स्तरपर आंधी से तेज गति से बढ़ती हुई सूचना प्रौद्योगिकी से जितनी अधिक सहूलियतों से लाभ मिल रहे हैं तो, हानियां भी कुछ काम नहीं हो रही है जिसको रेखांकित करना हम सबका काम है क्योंकि,हमारी जीवन शैली, राष्ट्र के लिए विकास और दुनियां हमारी मुट्ठी और उंगलियों पर आ गई है, तो उतनी ही हमारी मानवीय जिंदगी भी खतरे की ओर अग्रसर हो रही है, क्योंकि अब इस सूचनाप्रौद्योगिकी के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स को आतंकवाद और ऑनलाइन कट्टरपंथी के लिए भी उपयोग होने से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि ऐसी कुछ अनेक ऑनलाइन साइट्स आ गई है जो ऑनलाइन कट्टरपंथ को तेजी से बढ़ावा देकर अपने आतंकवाद के लिए नए रास्तों को बनाया जा रहा है, जो के ह्यूमन कार्य से कहीं बहुत अधिक सरल आसान व सुरक्षित भी उनके लिए है तो कई मेल क्लिप सूचनाओं कोडवर्ड में भी कार्य होता है जिसे हम गहराई से न लेकर मजाकिया व हंसीमजाक के लेहज में लेकर उसे लाइक व शेयर भी करते रहते हैं, परंतु अब समय आ गया है कि हम इस विषय पर गंभीरता से ध्यान दें क्योंकि, कट्टरपंथी आख्यानों को समझने का कठिन कार्य जनता पर आता है, जिन्हें जानकारी का विश्लेषण करना चाहिए और लाइक, शेयर के माध्यम से इसकी पहुंच को बनाए रखने से बचना चाहिएकभी-कभी बिना सोचे-समझे हम सामग्री साझा करते हैं क्योंकि हमें लगता है कि यह हास्यास्पद या बेतुका है, अनजाने में कथा का प्रचार करते हैं और इसे किसी अधिक कमजोर व्यक्ति तक पहुंचने की अनुमति देते हैं। आतंकवादी इंटरनेट का उपयोग कट्टरपंथी बनाने,भर्ती करने औरआतंकवादी हमलों को अंजाम देने में सुविधा प्रदान करने के लिए करते हैं। यूरोपीय आयोग ने इसे रोकने में मदद के लिए स्वैच्छिक और विधायी उपायों और पहलों की एक श्रृंखला सामने रखी है। अभी हाल ही में फ्रांस के लियोन शहर में संपन्न हुई इंटरपोल की महासभा का समापन हुआ जिसमें 136 देश के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो जो भारत में सीबीआई है ने भाग लिया जिसमें भारत ने अपने रुक वैश्विक सुरक्षा के लिए ऑनलाइन कट्टरपंत महत्वपूर्ण चुनौती है का आकाश किया इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,प्रौद्योगिकी युग में अब आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पुलिस और नीति निर्धारकों के साथ हम सबकी उंगलियों के नीचे है,इसलिए लाइक शेयर सोच समझकर करना है।

साथियों बात अगर हम फ्रांस के लियोन शहर में समाप्त हुई इंटरपोल महासभा की करें तो, महासभा में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक ने किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने संगठित अपराध, आतंकवाद और चरमपंथी विचारधाराओं के बीच सांठगांठ से उत्पन्न चुनौतियों पर बात की, कहा कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इसके अलावा, आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की और कहा कि अच्छे आतंकवाद, बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता। भारत में सीबीआई नोडल एजेंसीप्रत्येक देश में राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी) इंटरपोल के साथ समन्वय के लिए जिम्मेदार नोडल संगठन है। इंटरपोल में सभी सदस्य देश एक प्लेटफॉर्म अपने देश में मौजूद बड़े अपराधियों की जानकारी एक-दूसरे के साथ शेयर करते हैं। भारत में सीबीआई ऐसे मामलों में इंटरपोल के संपर्क में रहती है। सीबीआई ही इंटरपोल और अन्य जांच एजेंसियों के बीच नोडल एजेंसी का काम करती है। भारत से जब भी कोई अपराधी विदेश भाग जाता है या उसके विदेश भागने की आशंका होती है तो उसके खिलाफ लुकआउट या रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जाता है।भारत ने आतंकवादऑनलाइन कट्टरपंथ और साइबर सक्षम वित्तीय धोखाधड़ी जैसे अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने और उन्हें रोकने के लिए इंटरपोल चैनलों के जरिए ठोस कार्रवाई की मांग की है। साथ ही अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं होने की बात पर जोर दिया और कहा कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बना हुआ है।

सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि अपराध और अपराधियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर इंटरपोल चैनलों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ संबंधों का भारत ने भी लाभ उठाया है। पिछले साल 29 अपराधियों और भगोड़ों को वापस लाया गया है, जो एक साल में सबसे अधिक है।प्रवक्ता ने कहा कि कई देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ चर्चा के दौरान भारत ने संगठित अपराध, आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, धन शोधन, ऑनलाइन कट्टरपंथ, साइबर सक्षम वित्तीय अपराधों से निपटने और रियल-टाइम के आधार पर इन अपराधों को रोकने के लिए ठोस कार्रवाई के उद्देश्य से इंटरपोल के जरिए समन्वय बढ़ाने की मांग की। तीन सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका, ब्रिटेन और सऊदी अरब सहित कई देशों के साथ चर्चा के दौरान इंटरपोल के जरिए सूचना साझा करने,परस्परकानूनी सहायता भेजने और प्रत्यर्पण अनुरोध में तेजी लाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।भारत ने अंतरराष्ट्रीयसंगठित अपराध के खतरे से निपटने के लिए एनसीबी के नेटवर्क को मजबूत करने, साइबर-सक्षम वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ाने, इंटरपोल नेटवर्क और वैश्विक पुलिस डेटाबेस के उपयोग को बढ़ावा देने, बाल यौन शोषण के खिलाफ लड़ाई में और इंटरपोल के भीतर डेटा संरक्षण उपायों में सुधार करने जैसे प्रमुख निष्कर्षों का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा भारत की कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के अनुरोध परपूर्व में इंटरपोल द्वारा 100 रेड नोटिस प्रकाशित किए गए थे।

साथियों बात अगर हम इंटरपोल महासभा में अच्छे और बुरे आतंकवाद में कोई अंतर नहीं होने की बात को रेखांकित करें तो, भारत ने अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं होने की बात को रेखांकित करते हुए कहा है कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है। उन्होने संगठित अपराध, आतंकवाद और चरमपंथी विचारधाराओं के बीच साठगांठ से उत्पन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है।उन्होंने स्पष्ट रूप से सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा की और कहा कि अच्छे आतंकवाद, बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता। इस सम्मेलन का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने के लिए इंटरपोल और एनसीबी के बीच सहयोग को मजबूत करना था।

साथियों बात अगर हम ऑनलाइन युवा कट्टरवाद की करें तो, ऑनलाइन युवा कट्टरवाद वह क्रिया है जिसमें एक युवा व्यक्ति या लोगों का एक समूह तेजी से चरम राजनीतिक, सामाजिक, या धार्मिक आदर्शों और आकांक्षाओं को अपनाने के लिए आता है जो किसी राज्य की यथास्थिति को अस्वीकार या कमजोर करते हैं या समकालीन विचारों और अभिव्यक्तियों को कमजोर करते हैं, जिसे वे में निवास कर सकते हैं या नहीं भी कर सकते हैं।

ऑनलाइन युवा कट्टरपंथ हिंसक या अहिंसक दोनों हो सकता है।यह घटना, जिसे अक्सर हिंसक उग्रवाद के प्रति कट्टरपंथ को उकसाना (या हिंसक कट्टरपंथ) कहा जाता है, विशेष रूप से इंटरनेट और सोशल मीडिया के कारण हाल के वर्षों में बढ़ी है।

***(लेखक पेशे से एडवोकेट हैं)***

# भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर



**नई दिल्ली।** बर्कशायर हैथवे के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी वॉरेन बफेट भारत में निवेश की संभावनाओं से काफी उत्साहित हैं। इस पर वो नए सिरे से विचार करना चाहते हैं क्योंकि भारत अब 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। बीते दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने सभी आर्थिक मानदंडों में अच्छी प्रगति की है। अब लगभग 3.7 ट्रिलियन डॉलर (अनुमान वित्त वर्ष 2023-24) की जीडीपी के साथ भारत आर्थिक रूप से पांचवां सबसे बड़ा देश है।

एक दशक पहले देश 1.9 ट्रिलियन डॉलर (मौजूदा बाजार मूल्य) की जीडीपी के साथ भारत 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस 10 साल की यात्रा में कई रिफॉर्म हुए जिसने देश को आर्थिक रूप से आगे बढ़ाया है। रविवार को अपनी कंपनी की वार्षिक बैठक में वॉरेन बफेट ने कहा, भारत में नई संभावनाओं का पता लगाएं। यहां ऐसे क्षेत्र हो सकते हैं जिनको सर्च नहीं किया गया है या यहां मौजूद अवसरों पर ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि भारत में बहुत सारे अवसर हैं। सवाल यह है कि क्या हमें उनके बारे में जानकारी है, जिसमें हम भाग लेना चाहेंगे।

बफेट देश में संभावित प्रवेश की तलाश में हैं। भारत की जीडीपी ग्रोथ एक नए शिखर पर पहुंचने के लिए तैयार है। विनिर्माण और ऑटोमोबाइल जैसे सेक्टरों ने फिर से सुधार देखना शुरू कर दिया है और जीएसटी कलेक्शन नई ऊंचाई हासिल कर रहा है।आरबीआई के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी ग्रोथ महामारी से पहले 2020 के दौरान दर्ज की गई 7 प्रतिशत से ऊपर बढ़ने के संकेत हैं।

आईएमएफ के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, 2004 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 635 डॉलर थी। 2024 में देश की प्रति व्यक्ति जीडीपी बढ़कर 2,850 डॉलर हो गई है, जो इसके समकक्ष देशों के लिए 6,770 डॉलर का 42 प्रतिशत है। इस महीने की शुरूआत में जारी एचएसबीसी सर्वे के अनुसार, मजबूत मांग के कारण भारत का विनिर्माण सेक्टर अप्रैल में मजबूत गति से बढ़ा। इसके अलावा, विश्व चुनौतियों के बावजूद, एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न के साथ देश ग्लोबल स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा टेक स्टार्टअप इकोसिस्टम बना हुआ है।

## ट्विटर नए बोर्ड सदस्य की तलाश कर रही तलाश



**नई दिल्ली।** ट्विटर के संस्थापक और पूर्व सीईओ जैक डोर्सी ने ब्लूस्काई के बोर्ड को छोड़ दिया है। कंपनी ने एक पोस्ट में कहा कि वह अब नए बोर्ड सदस्य की तलाश कर रही है। ब्लूस्काई ने अपने प्लेटफॉर्म पर कहा, जैक के जाने के साथ, हम कंपनी के लिए एक नए बोर्ड सदस्य की तलाश कर रहे हैं जो एक सोशल नेटवर्क बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को साझा करें और लोगों के एक्सपीरियंस को बेहतरीन बनाएं। डोर्सी समर्थित ब्लूस्काई पिछले साल नवंबर में दो मिलियन यूजर्स तक पहुंच गया। कंपनी ने प्रोजेक्ट की फंडिंग और मदद के लिए डोर्सी को धन्यवाद दिया। ब्लूस्काई एक ओपन सोर्स सोशल नेटवर्क के रूप में फल-फूल रहा है, जो हमारे द्वारा बनाए गए प्रोटोकॉल 'एटप्रोटो' पर चल रहा है।" कंपनी ने उनके जाने की पुष्टि तब की जब एक एक्स यूजर ने डोर्सी से पूछा कि क्या वह अभी भी ब्लूस्काई के बोर्ड में हैं, जिस पर डोर्सी ने स्नस् में जवाब दिया। प्लेटफॉर्म ने अब तक मोबाइल पुश नोटिफिकेशन, जनरल यूजर लिस्ट, ईमेल वेरिफिकेशन और एडवांस फीड और थ्रेड प्रेफरेंस जैसे फीचर लॉन्च किए। पिछले साल, ब्लूस्काई ने 8 मिलियन डॉलर जुटाए थे। 2022 में, डोर्सी के बोर्ड में शामिल होने से इसने 13 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की थी।

## राशिफल

**मेष:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार का विस्तार होगा। आय में वृद्धि होगी, परन्तु भागदौड़ अधिक रहेगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।
**वृष:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार का विस्तार होगा। भागदौड़ अधिक रहेगी।
**मिथुन:** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं।
**कर्क:** वाणी में सौम्यता रहेगी। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।
**सिंह:** नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं।
**कन्या:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। व्यस्तता बढ़ेगी।
**तुला:** मित्रों का सहयोग मिलेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा के मनोभाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।
**वृश्चिक:** कारोबार में भाई-बहनों का साथ मिल सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।
**धनु:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।
**मकर:** मन में निराशा एवं असन्तोष हो सकता है। संयत रहें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।
**कुंभ:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र बढ़ सकता है।
**मीन:** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। माता-पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

## चुटकुले

बाप- अगर तुम इस बार भी फेल हो गए तो मुझे पापा मत कहना....
कुछ दिन बाद...
बाप- तुम्हारे रिजल्ट का क्या रहा चिंटू...
चिंटू- दिमाग खराब मत करो हरीशचंद्र...तुम अपने बाप होने का हक खो चुके हो.
दे जूते.....दे चप्पल.....दे जूते।

---

महिला - बाबा, मेरे और मेरे पति के बीच प्रेम कम हो गया है.
कोई उपाय बताओ.
बाबा - बेटा, शनिवार को फेसबुक और रविवार को व्हाटसएप का उपवास रखो।

---

पत्नी- जरा किचन से आलू लेते आना.
पति- यहां तो कहीं आलू दिख नहीं रहे हैं.
पत्नी- तुम तो हो ही अंधे, कामचोर हो, एक काम ढंग से नहीं कर सकते,
मुझे पता था कि तुम्हें नहीं मिलेंगे, इसलिए मैं पहले ही ले आई थी!
अब आदमी की कोई गलती हो तो बताओ।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में कोई भी नीले रंग का फल नहीं है, यहां तक कि ब्लूबेरिज भी पर्पल यानी कि बैगनी रंग की होती है।
- दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- छिपकली का दिल 1 मिनट में 1000 बार धड़कता है।
- India और Vietnam दोनों देशों के राष्ट्रीय फूल कमल हैं।
- हाथी एकमात्र ऐसा स्थान पाई जीव है जो कूद नहीं सकता है।
- एक दिन में आप इतनी बार पलके झपकाते हैं कि वह आधे घंटे की आंखें बंद होने के बराबर होता है।
- अभी भी जमीन के अंदर इतना सोना है कि इस धरती के सभी लोगों में बराबर बराबर बांटा जाये तो सभी के हिस्से में 4 किलो सोना आ सकता है।
- भारत एकमात्र देश हैं जिसके प्रत्येक product पर MRP rate लिखा रहता हैं।
- अंगुलियों की छाप की तरह जिब की छवि सबकी अलग-अलग होती है।
- इंसान की जीभ का घाव सबसे अधिक तेजी से ठीक होता है।
- चार्ज होते हुए मोबाइल का इस्तेमाल करने से उसकी बैटरी खराब हो सकती है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# विराट कोहली के स्ट्राइक रेट पर भयंकर बवाल... तब सुनील गावस्कर की बैटिंग देख लोग सो गए थे!



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का हर एक मैच नेक्स्ट लेवल पर खेला जा रहा है। दिग्गज बल्लेबाजों को यंग ब्रिगेड से खूब कड़ी टक्कर मिल रही है। खासकर कम गेंदों में 200-250 के स्ट्राइक रेट से रन कूटकर वो कुछ ही ओवर में गेम पलट दे रहे हैं तो यही वजह है कि टूनार्मेंट में सबसे अधिक रन बनाने के बावजूद विराट कोहली आलोचकों के निशाने पर हैं। न केवल विराट, बल्कि रुतुराज गायकवाड़ और केएल राहुल (लंबे समय से छरत्रके कप्तान पर यह सवाल उठता रहा है) जैसे खिलाड़ियों पर भी सवाल उठ रहे हैं। यह मामला उस वक्त बढ़ गया, जब आईपीएल के प्लेऑफ से लगभग बाहर हो चुकी आरसीबी ने गुजरात पर जीत दर्ज की और कोहली ने माइक थामते ही अपने आलोचकों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। यह बात लिटिल मास्टर यानी सुनील गावस्कर को पसंद नहीं आई। उन्होंने भी मैदान से लंबी-चौड़ी क्लास लगाई। हालांकि, स्ट्राइक रेट के इस बवाल में महान सुनील गावस्कर की एक पारी जरूर हर किसी के निशाने पर आ गई, जो उन्होंने विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ खेली थी।

### क्यों भड़के सुनील गावस्कर?

दरअसल, स्टार स्पोर्ट्स पर विराट कोहली का बयान कई मर्तबा दिखाया गया, जबकि कॉमेंट्री करने वाले क्रिकेट एक्सपर्ट्स या तो खुद स्टार के थे या फिर जियो सिनेमा पर थे। महान सुनील गावस्कर हालांकि स्टार के लिए कॉमेंट्री कर रहे हैं तो उन्होंने इस ब्रॉडकास्टर को खूब ट्रोल किया। गावस्कर ने आलोचना को सही ठहराया है और आश्चर्य जताया है कि क्या कोई बल्लेबाज 118 की स्ट्राइक-रेट से रन बनाने के लिए सराहना चाहता है। गावस्कर ने आईपीएल 2024 में जीटी के खिलाफ आरसीबी के दूसरे मैच से पहले कहा- कॉमेंट्री करने वालों ने केवल तभी सवाल उठाया जब उनकी स्ट्राइक-रेट 118 था।

### विराट कोहली ने आलोचकों को क्या कहा था?

खैर, सबसे पहले जानते हैं कि विराट कोहली ने अपने आलोचकों को लेकर क्या कहा था। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत के बाद कहा था- वे सभी लोग जो (मेरे) स्ट्राइक रेट और मेरे स्पिन को अच्छी तरह से नहीं खेलने के बारे में बात करते हैं, वे ही लोग हैं जो इन चीजों के बारे में बात करना पसंद करते हैं। लेकिन मेरे लिए यह सिर्फ गेम जीतने के बारे में है। यही मैं 15 वर्षों से करते आ रहा हूं। टीम को जितवाने के लिए हर दिन करता हूं। मुझे यकीन नहीं है कि अगर आप उस स्थिति में नहीं हैं, तो बैठकर बॉक्स (कॉमेंट्री बॉक्स) से खेल के बारे में बात करें। मुझे नहीं लगता कि यह वही बात है। मैं बस अपना काम कर रहा हूं। लोग खेल पर अपने विचारों और धारणाओं के बारे में बात कर सकते हैं।

### सुनील गावस्कर ने विराट कोहली के जवाब में क्या-क्या कहा

उन्होंने विराट कोहली के जवाब में कहा- मैं बहुत आश्वस्त नहीं हूं। मैं बहुत अधिक मैच नहीं देखता, इसलिए मुझे नहीं पता कि अन्य कॉमेंटेटरों ने क्या कहा है। लेकिन अगर आप आते हैं और ओपनिंग करते हैं और फिर 14वें या 15वें ओवर में आउट होने पर आपके पास 118 की स्ट्राइक होती है और आप इसके लिए तालियां चाहते हैं तो यह थोड़ा अलग है। उन्होंने आगे कहा- ये सभी लोग (खिलाड़ी) बात करते हैं, 'ओह, हमें बाहरी शोर की परवाह नहीं है'। अच्छा? तो फिर आप किसी भी बाहरी शोर या जो भी हो, उसका जवाब क्यों दे रहे हैं। हम सभी ने थोड़ा-बहुत क्रिकेट खेला, बहुत अधिक क्रिकेट नहीं। हमारे पास कोई एजेंडा नहीं है।

# टी20 वर्ल्ड कप पर आतंकी खतरा, वेस्टइंडीज में हमले की धमकियों के पीछे पाकिस्तान का हाथ




**नई दिल्ली।** यूएसए और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में अगले महीने से होने जा रहे आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2024 पर आतंकी साया मंडरा रहा है। मेजबान कैरेबियाई देश को आतंकवादी हमले की धमकियां मिलने लगी है और इसके सीधे तार पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं। यहां तक कि, इसको लेकर वीडियो मैसेज भी प्रसारित किए जा रहे हैं, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं।

कैरेबियाई मीडिया ने जानकारी दी है कि प्रो इस्लामिक स्टेट यानी कर मीडिया सोर्स टूनार्मेंट के आयोजकों के खिलाफ हिंसा भड़काने में लगे हुए हैं। रिपोर्ट में हिंसा भड़काने के लिए चलाए जा रहे अभियान का खुलासा किया गया है। आईएस की अफगानिस्तान-पाकिस्तान शाखा आईएस खुरासन के वीडियो संदेश भी मिले हैं, जिसमें कई देशों पर हमलों और खून-खराबे का जिक्र किया गया है और आतंकी समूह के समर्थकों से इसमें शामिल होने की अपील भी की गई है। कैरेबियाई देशों को आतंकी संदेश मिलने के बाद टी20 वर्ल्ड कप के सह मेजबान क्रिकेट वेस्टइंडीज के लिए सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं। हालांकि बोर्ड के सीईओ जॉनी ग्रेव्स ने सुरक्षा को लेकर ढांढस बंधाया है।

जॉनी ग्रेव्स ने क्रिकबज से बातचीत में कहा है कि, हम मेजबान देशों और शहरों में अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और हमारे आयोजन के लिए पहचाने गए किसी भी जोखिम को कम करने के लिए उचित योजनाएं सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक परिदृश्य की लगातार निगरानी और मूल्यांकन किया जा रहा है।

साथ ही उन्होंने कहा कि, हम सभी शेयर धारकों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप में सभी की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है और हमारे पास एक व्यापक और मजबूत सुरक्षा योजना है।

# प्रीति जिंटा ने रोहित शर्मा की जमकर की तारीफ, चंद शब्दों में ही कह दी बड़ी बात




**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में सोमवार को मुंबई इंडियंस का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से है। मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की दौड़ से बाहर जाती दिख रही है। टीम इस समय 6 अंकों के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे दसवें नंबर पर है। टीम को अब भी तीन मुकाबले खेलने हैं, अगर मुंबई अपने सभी तीन मुकाबले जीत भी जाती है तो भी उसे दूसरी टीमों के परिणामों पर निर्भर रहना होगा। मुंबई के अधिकतर खिलाड़ियों ने इस सीजन में खराब प्रदर्शन किया। मुंबई को काफी बदलाव के दौर से भी गुजरना पड़ा। फ्रेंचाइजी ने रोहित को हटाकर सीजन से पहले टीम का कप्तान नियुक्त कर दिया। आईपीएल के इतर बात करें तो पंजाब किंग्स की को-ऑनर प्रीति जिंटा ने रोहित शर्मा की जमकर तारीफ की है। उनकी तारीफ में कहे गए कुछ शब्द सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### प्रीति जिंटा ने तारीफ में कही यह बात

भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक रोहित शर्मा एक ऐसा नाम है जिसे किसी परिचय की जरूरत नहीं है। आईपीएल के इस सीजन में रोहित का भी प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। एक फैन प्रीति जिंटा से रोहित के बारे में एक शब्द शेयर करने के लिए कहा। जिंटा ने मुंबई इंडियंस और टीम इंडिया के स्टार को प्रतिभा का पावरहाउस कहा। प्रीति जिंटा का यह कमेंट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# यूरोप दौरे पर भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान होंगी ज्योति



**नई दिल्ली।** डिफेंडर ज्योति सिंह को 21 से 29 मई तक होने वाले यूरोप दौरे के लिये भारत की 22 सदस्यीय जूनियर महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया जबकि मिडफील्डर साक्षी राणा उपकप्तान होंगी। भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के दो क्लबों ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश और आरेंजी रूड से छह मैच खेलेगी।

ज्योति ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा , टीम में अच्छा तालमेल हैं। हम सभी एक दूसरे को बखूबी जानते हैं। सभी हुनरमंद और प्रतिभाशाली हैं। विदेश में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलना सीखने के लिये बहुत अच्छा होगा।

भारतीय टीम 21 मई को ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश से पहला मैच खेलेगी और 22 मई को ब्रेडा में ही बेल्जियम से खेलेगी। इसके बाद 24 मई को बेल्जियम में मेजबान से खेलना है। इसके बाद जर्मनी से 26 मई को ब्रेडा और 27 मई को जर्मनी में खेलना है। इसके बाद 29 मई को ब्रेडा में आरेंजी रूड से आखिरी मैच खेलना है।

# कोहली सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक, उसके खिलाफ रणनीति बनायेंगे : बाबर आजम




**लाहौर।** पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि विराट कोहली भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से हैं और अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बल्ले पर अंकुश लगाने के लिये रणनीति जरूर बनाई जायेगी। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होगा जिसमें भारत और पाकिस्तान नौ जून को न्यूयॉर्क में आमने सामने होंगे। यहां प्रेस कांफ्रेंस में उनसे पूछा गया कि क्या वह शानदार फॉर्म में चल रहे कोहली के खिलाफ रणनीति बनायेंगे, इस पर उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में विरोधी के टीम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाई ही जाती है।

उन्होंने कहा ,हम दूसरी टीमों के सभी 11 खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाते हैं। हमें न्यूयॉर्क के हालात के बारे में ज्यादा पता नहीं है लेकिन वह (कोहली) सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है और हम उसके खिलाफ भी रणनीति बनायेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि गैरी कर्स्टन को सफेद गेंद के प्रारूप का मुख्य कोच बनाये जाने से पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर जायेगा। कर्स्टन को पिछले महीने दो साल के लिये पाकिस्तान का मुख्य कोच बनाया गया है।उनके कोच रहते भारत ने 2011 वनडे विश्व कप जीता था। वह 2008 से 2011 तक भारत के और 2011 से 2013 तक दक्षिण अफ्रीका के कोच रहे हैं।

बाबर ने कहा , वह काफी अनुभवी कोच है। उनकी मौजूदगी से हमें फायदा मिलेगा। वह विश्व कप की रणनीति बनाने में काफी रूचि ले रहे हैं और टीम प्रबंधन के साथ रणनीति पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि टीम में कप्तानी को लेकर कोई मतभेद नहीं हैं और वह दूसरी बार कमान संभालकर रोमांचित हैं। उन्होंने कहा ,मैने बतौर कप्तान पहले भी अपने खिलाड़ियों के दम पर कामयाबी पाई और इस बार भी यही सत्य है। अहम यह है कि बोर्ड पूरी तरह से हमारे साथ है।

# धर्मशाला में भारत की पहली हाईब्रिड पिच का किया अनावरण



**नई दिल्ली।** भारत की पहली हाईब्रिड पिच का सोमवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) स्टेडियम में भव्य समारोह में अनावरण किया गया। इस समारोह में आईपीएल चेयरमैन अरूण धूमल और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर तथा एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक पॉल टेलर जैसे क्रिकेट से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

धूमल ने कहा, इंग्लैंड में लार्ड्स और द ओवल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों में सफलता के बाद हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल से भारत में क्रिकेट में क्रांति आएगी। प्राकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली हाईब्रिड पिच अधिक टिकाऊ होती है। इससे मैदानकर्मियों पर पिच को तैयार करने में कम दबाव होता है और साथ ही खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार करने में भी अधिक समस्या नहीं होती। पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर होता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि क्रिकेट के लिए जरूरी प्राकृतिक विशेषताओं को बचाया जा सके।

टेलर ने इस प्रतिष्ठित परियोजना में साझेदारी के लिए एचपीसीए का आभार जताया। हाइब्रिड सतह को स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण घटक यूनिवर्सल मशीन है जिसे 2017 में एसआईएसग्रास द्वारा विकसित किया गया था और इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट मैदानों में समान पिचें बनाने.में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईसीसी ने टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल को स्वीकृति दी है और योजना है कि इस साल से इनका इस्तेमाल चार दिवसीय काउंटी चैंपियनशिप में किया जाएगा।

# हार्दिक पंड्या नहीं बल्कि यह दिग्गज है सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर



**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज वसीम अकरम ने उस खिलाड़ी के नाम का ऐलान किया है जिसे वो इस समय दुनिया का सबसे बेस्ट ऑलराउंडर मानते हैं। स्पोर्ट्सक्रीड़ा के साथ बात करते हुए अकरम ने इस बारे में बात की है। अकरम ने माना है कि सुनील नरेन इस समय दुनिया के बेस्ट ऑलराउंडर हैं। दरअसल, आईपीएल में नरेन लगातार रन बना रहे हैं, गेंदबाजी के अलावा नरेन बल्लेबाजी से भी तहलका मचाने में सफल रहे हैं। ऐसे में जब उनसे इंटरव्यू में पूछा गया कि क्या नरेन को आप बेस्ट ऑलराउंडर मानते हैं, इसपर पूर्व पाकिस्तानी दिग्गज ने रिएक्ट किया।

वसीम ने कहा, जिस तरह से वो परफॉर्म कर रहे हैं, बल्ले और गेंद से जिस अंदाज में वो परफॉर्मेंस दे रहे हैं। यकीनन हम कह सकते हैं कि दुनिया का बेस्ट ऑलराउंडर है। वो इस समय बल्ले से ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में भी शामिल है। दनिया के सबसे बड़े लीग में धमाका कर रहा है। उसको कुछ न कुछ तो मैनेजमेंट ने कॉन्फिडेंस दिया होगा। गौतम ने कोच ने, सबने मिलकर उनके कॉन्फिडेंस दिया होगा।

अकरम ने अपनी बात आगे ले जाते हुए कहा, जहां तक गेंदबाज की बात है तो हमें तो पता है कि वह कितना बेहतर गेंदबाज है। काफी शांत स्वभाव का इंसान है।किसी से वह बात नहीं करते हैं। अकरम ने आगे कहा, जब मैं केकेआर के साथ न, मैं तो जल्दी उठने वाला इंसान हूं, मैं जल्दी उठकर ब्रेकफास्ट खाता था। तो मैंने देखा कि नारायण भी वहां नास्ता कर रहे थे। उसकी आंखें पूरी तरह से सूजी हुई थी। तब मैंने उससे पूछा कि तुम्हारी आंखें ऐसी क्यों है। तब उसने मुझसे कहा कि, मैं रात भर नहीं सोया हूं। मैं वेस्टइंडीज टाइम के साथ हूं, मैं पूरी रात जागता हूं और दिन में सोता हूं। मुझे लगता है कि वो अभी भी भी ऐसा करता था। इनकी परफॉर्मेंस इसलिए बेहतर है, क्योंकि रात में इनके लिए दिन होता है और दिन इनके लिए रात। रात में ये लोग बिल्कुल जागे हुए होते हैं। आईपीएल 2024 में नरेन ने 11 मैच में 461 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक भी शामिल है। वहीं, गेंदबाजी में उनके नाम अबतक 14 विकेट दर्ज हैं।

# रियल मैड्रिड ने जीता रिकॉर्ड 36वां ला लीगा खिताब, केडिज को 3-0 से हराया



**स्पेन।** रियल मैड्रिड ने यहां चार मैच शेष रहते स्पेनिश फुटबाल लीग ला लीगा का खिताब जीत लिया। मैड्रिड ने अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमाने के बावजूद केडिज को 3-0 से हराया। बार्सिलोना की टीम इसके बाद गिरोना के खिलाफ 2-4 से हार गई जिससे मैड्रिड ने खिताब सुनिश्चित किया। मैड्रिड ने अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 36वीं बार ला लीगा का खिताब अपने नाम किया। गिरोना की टीम इस जीत से बार्सिलोना को पछाड़कर 34 मैच में 74 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। बार्सिलोना 73 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। मैड्रिड के 34 मैच में गिरोना से 13 अंक ज्यादा 87 अंक हैं। गिरोना अब अधिकतम 12 अंक ही जुटा सकती है जिससे मैड्रिड का खिताब तय हो गया है।

# टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए चुने जाते ही बल्ला शांत, लगातार 2 मैचों में शून्य पर आउट



**मुंबई।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 अब करीब आ रहा है। इसका पहला मुकाबला 1 जून को खेला जाएगा। ज्यादातर टीमों की ओर से इसके लिए स्क्वाड का भी ऐलान कर दिया गया है। जिन्होंने नहीं किया है, उनकी ओर से जल्द ही घोषणा हो सकती है। इस बीच टीम इंडिया के उन 15 खिलाड़ियों के नाम सामने आ गए हैं, जो इस बार का विश्व कप खेलते हुए दिखाई देंगे। इस बीच टीम इंडिया में जिस एक खास खिलाड़ी को चुना गया है, टीम के ऐलान के बाद वो बिल्कुल शांत हो गया है। खास बात ये है कि दो लगातार मैचों में शून्य पर भी आउट हो चुका है। ये जरूर भारतीय टीम के लिए टेंशन की बात होगी।

### टीम के ऐलान से पहले बना रहे थे खूब रन

शिवम दुबे 28 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलते हुए नजर आए थे। इस मैच में उन्होंने नाबाद 39 रन की बेहतरीन पारी खेली। इससे पहले 23 अप्रैल को उन्होंने एलएसजी के खिलाफ 66 रन की पारी खेली। ये दोनों ऐसी पारियां थी, जिसके बाद ये तय सा लग रहा था कि शिवम दुबे अब टी20 विश्व कप की टिकट पा जाएंगे। टीम का ऐलान 30 अप्रैल को किया गया। इसके बाद वे एक मई को फिर से खेलने के लिए उतरे। एक मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच में उन्होंने पहली बार इस सीजन आईपीएल में गेंदबाजी भी की, जिसमें उनके नाम एक विकेट आया। लेकिन बल्लेबाजी में वे बुरी तरह से फ्लॉप रहे। उनके बल्ले से कोई रन नहीं निकला और शून्य पर आउट होकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद पंजाब किंग्स के ही खिलाफ 5 मई को जब वे फिर से बल्लेबाजी के लिए आए तो भी उनका खाता नहीं खुला और बैक टू बैक दो मैचों में वे शून्य पर आउट हो गए। इस मैच में तो उन्होंने बॉलिंग भी नहीं की।

### शिवम दुबे लगातार दो मैचों में शून्य पर आउट

भारतीय टीम में कई ऐसे खिलाड़ी चुने गए हैं, जो इस दफा पहली बार टीम इंडिया के लिए टी20 विश्व कप खेलते हुए नजर आएंगे। उन्हीं में से एक नाम है शिवम दुबे का। वैसे तो साल 2019 में ही शिवम दुबे ने भारतीय टीम के लिए डेब्यू कर लिया था, लेकिन लगातार अपने खेल में अपडाउन को लेकर उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। इसके बाद वे साल 2023 के आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेलते हुए दिखाई दिए। उस साल उनके बल्ले से खूब रन निकले, इसके बाद उनकी भारतीय टीम में वापसी हो गई। इस साल भी वे सीएसके के लिए खेले रहे हैं। जब तक भारतीय टीम का ऐलान टी20 विश्व कप के लिए नहीं हुआ था, तब तो उनका बल्ला खूब चला। उनके बल्ले से चौके और छक्कों की बरसात सी हुई, लेकिन 30 अप्रैल को टीम के ऐलान के बाद वे अब तक एक भी रन नहीं बना पाए हैं।

### रोहित शर्मा की बढ़ी होगी टेंशन

टी20 विश्व कप 2024 के 15 खिलाड़ियों में तो शिवम दुबे चुन लिए गए हैं, लेकिन वे प्लेइंग इलेवन में खेलेंगे या नहीं, ये तय नहीं है। इसका खुलासा तो 5 जून को तभी होगा, जब भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला खेलने के लिए आयरलैंड के खिलाफ उतरेगी। लेकिन जिस तरह का खेल शिवम ने पिछली दो पारियों में दिखाया है, उससे एक बात तो पक्की है कि इससे टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा जरूर टेंशन में आ गए होंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि अगले जो मैच सीएसके के आईपीएल में बचे हैं, उसमें उनके बल्ले से रन निकलें, ताकि राहत की सांस ली जा सके।

# टी20 वर्ल्ड कप के समीफाइनल में कौन सी टॉप 4 टीमें पहुंचेगी




**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप में टॉप 4 टीमें कौन सी होगी, इसको लेकर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने अभी ही भविष्यवाणी कर दी है। दरअसल, एक इंटरव्यू के दौरान कमिंस ने टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर पूछे गए सवाल पर रिएक्ट किया है और जो जवाब दिया है उसने महफिल लूट ली है। दरअसल, पैट कमिंस ने इंटरव्यू में पूछा गया कि आपके अनुसार इस टी-20 वर्ल्ड कप में टॉप 4 टीमें कौन सी होगी? इस सवाल पर कमिंस ने कॉन्फिडेंस के साथ जवाब दिया और सीधे तौर पर कहा, कीनन एक टीम ऑस्ट्रेलिया होगी, इसके अलावा बाकी की तीन टीमें आप चुन लें। वहीं, जब कमिंस को बाकी की तीन टीम के नाम लेने पर जोर दिया गया तो ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, कोई भी तीन हो परवाह नहीं।

पैट कमिंस का यह जवाब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। बता दें कि जून में टी-20 वर्ल्ड कप का आगाज होने वाला है। पहली बार आईसीसी का बड़ा इवेंट अमेरिका में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने साल 2021 में टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने में सफलता पाई थी।

इस बार मिचेल मार्श की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई टीम टी-20 वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरूआत करेगी। बता दें कि कमिंस टेस्ट और वनडे में ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान हैं। पिछले साल के वनडे वर्ल्ड कप में कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी संभाली थी और टीम ऑस्ट्रेलिया को खिताब दिलाया था।

# बाइक सवार तीन युवकों ने की टाटा प्रवेश के बिजनेस हेड की हत्या, तीनों के दिल्ली में छिपे होने का शक



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** टाटा स्टील की सहयोगी कंपनी टाटा प्रवेश के इंडिया बिजनेस हेड विनय त्यागी की उनके घर के पास लूटपाट के बाद हत्या की घटना में पुलिस को बाइक सवार तीन युवकों की तलाश है। आशंका है कि वारदात को अंजाम देने के बाद ये तीनों दिल्ली में छिप गए हैं।

### पुलिस को 48 घंटे का दिया समय

पुलिस की टीमें तीनों की तलाश कर रही हैं। पुलिस ने अब तक डेढ़ सौ से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की है जिनके आधार पर वह इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि घटना को लूट के इरादे से अंजाम दिया गया। वहीं बदमाशों के अब तक पकड़े नहीं जाने से नाराज स्वजन ने पुलिस को 48 घंटे का समय दिया है।

चेतावनी दी है कि इसके बाद सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया जाएगा। पीड़ित परिवार के समर्थन में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ भी सामने आया है। घरों के दरवाजे, खिड़कियां और स्टील का अन्य घरेलू सामान बनाने वाली कंपनी टाटा प्रवेश के अधिकारी विनय त्यागी शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में परिवार के साथ रहते थे।

### शराब खरीदने के बाद किया ऑनलाइन पेमेंट

जांच के दौरान पुलिस ने करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। इसमें से एक फुटेज में विनय राजबाग मेट्रो स्टेशन के पास रात करीब साढ़े आठ बजे शराब दुकान पर दिखाई दिए। दुकानदार से पूछताछ में पता लगा कि शराब खरीदने के बाद उन्होंने यूपीआइ के जरिये ऑनलाइन पेमेंट किया। इसके बाद वह दिल्ली-वजीराबाद रोड की ओर चले गए। उनकी तीन-चार स्थानों पर लोकेशन भी मिली है। अंतिम लोकेशन दिल्ली-वजीराबाद रोड के सर्विस रोड करन गेट पुलिस चौकी के पास की है। घटनास्थल वहां से थोड़ी दूरी पर है। जांच के दौरान पुलिस ने शुक्रवार को बाइक सवार जिन तीन युवकों को संदिग्ध माना था, उन पर शक की सुई और गहरा गई है।

पुलिस सीमापुरी, नंद नगरी दिल्ली की ओर के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देख रही है ताकि इन युवकों के बारे में और जानकारी मिल सके। आशंका है कि वारदात को अंजाम देने के बाद ये लोग दिल्ली में कहीं छिप गए हैं। पुलिस उस समय क्षेत्र में सक्रिय मोबाइल नंबरों का विवरण भी खंगाल रही है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि रात में करीब तीन घंटे विनय कहां-कहां गए और इस दौरान उनके साथ कौन लोग थे। पुलिस ने कुछ लोगों से पूछताछ भी की है। हालांकि अभी इस संबंध में कुछ जानकारी सार्वजनिक नहीं कर रही है।

### शुक्रवार रात की गई हत्या

शुक्रवार रात घर से करीब सात सौ मीटर की दूरी पर उनकी हत्या कर दी गई। बदमाश विनय से डेढ़ लाख रुपये, लैपटाप, मोबाइल फोन और पर्स लूट ले गए। पुलिस ने लूटपाट और हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। इसमें पता लगा कि वह शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे वह दिल्ली स्थित अपने आफिस से घर के लिए निकले थे। रात 8.27 बजे वह गाजियाबाद में राजबाग मेट्रो स्टेशन पहुंचे जहां सीसीटीवी फुटेज में वह दिखाई दिए हैं। इसके बाद रात 11.21 बजे पत्नी को फोन कर उन्होंने अपनी लाइव लोकेशन भेजी और बाद में उसे डिलीट कर दिया।

मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। लूट के बाद हत्या की बात सामने आ रही है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पूरा प्रयास कर रही है। मामले में जल्द ही सफलता मिल जाएगी।
– निमिष पाटील, पुलिस उपायुक्त, ट्रांस हिंडन

### स्वजन साजिशन हत्या की जता रहे आशंका

डॉ. विश्म्बर त्यागी ने बताया कि विनय ने अपनी पत्नी को जो लोकेशन भेजी थी, उसका स्क्रीन शाट मेरे पौत्र अरमान ने ले लिया था। लोकेशन 11:21 बजे आई और जब 11:56 बजे देखा तो वह डिलीट हो गई थी। लोकेशन दिल्ली-वजीराबाद रोड पर दिख रही थी। बैंक की डिटेल से पता चला है कि रात में उसके यूपीआइ से खाने-पीने के सामान का आनलाइन भुगतान हुआ है।




### मुझे तो मंच भी मिला और माईक भी मिला मुझे नही है कोई गिला

गठबंधन वाली शादी में हैंडपंप वालों की हालत अबदुल्ला दीवानी वाली ही रही। फूल वालों को इस बात का नाज कि चुनाव कल हो या आज हम तो इतने लाख से जीते पड़े हैं बिना इस गठबंधन के भी। वो तो मेहमान नवाजी की बात थी वरना दबी जुबान से तो फूल वाले कह ही चुके थे कि निगम के मौहल्लों में एक सीट है नही तुम्हारे पास और हमसे तवज्जो की उम्मीद लगा रहे हो। पीएम वाले रोड शो में हैंडपंप वालो को एक बाक्स अलग से नही मिला। फूल वालों ने अपने चुनावी दफ्तर पर गठबंधन धर्म में हैंडपंप वालों के झंडे तक नही लगाये। और तो और पूरे चुनाव में उनके जिले और महानगर के प्रधान ही नजर नही आये। हैंडपंप वाले बता रहे हैं कि वो मोदीनगर में सांगवान को चुनाव लड़ा रहे थे क्योंकि उन दोनो की डयूटी ही वहां लगी थी। जब सगंठन के दोनो हैड ही यहां नही थे तो हम भी नही गये और वैसे सही बात ये भी है कि बुलाया फूल वालों ने भी नही।

### पहले तो अफसरों से थी टयूनिंग अब हो गई फ्लावर नेताओं से भी सेटिंग

जितनी पालिटिक्स नेता कर सकते हैं उससे ज्यादा सियासी ज्ञान और सियासत में जान पहचान तो अफसर लिये बैठे हैं। वैसे तो एक आध केस को छोड़ दे तो फूल वालों वाले किसी मामले को तूल भी देते हैं और सामने वाले को हूल भी देते हैं लेकिन उखड़ कुछ नही पाता उनसे। नाली सफाई खड़जें वाले महकमें से जुड़े डाक्टर साहब का जलवा ही अलग है। लोनी के क्रांतिकारी ने तो बाबा के सामने कोरोना काल में शिकायत की मगर उनसे भी कुछ ना हो पाया। सुना है कि चार माननीयों ने शिकायत कर दी और हैल्थ वालो के खेल के आगे माननीय फेल हो गये। हैल्थ वालों ने हर एक माननीय के खास को तलाशा और नब्ज पकड़ ली। वैसे तो वो हकीम हैं लेकिन हुकूमत और हाकिम दोनो को टैकल कर लेते हैं। यहां तो कमाल ये हुया कि चार कमल वालों ने शिकायत की थी और सेटिंग उन्होने पाचंवे माननीय से भी कर ली। अब वो बता रहे हैं कि पहले तो मेरी अफसरों से ही टयूनिंग थी लेकिन अब तो फ्लावर वाले माननीयों से भी सेटिंग हो गई है। वो डाक्टर ही इतने काबिल है कि पूरी भगवा हुकूमत का इलाज कर देते हैं।

### चुनाव प्रचार को वो गये हैं चार टोटल लेकिन एक ने अलग लिया है होटल

वैसे तो उसके बारे में कहा जाता है कि उसके विचार ही नही मिलते हैं लेकिन खबर लखनऊ से लगे जिले से ये आ रही है कि वो साथ भी नही रहना चाहते। सगंठन ने चुनाव प्रचार में एक ही पद पर आसीन चार पदाधिकारियों की डयूटी लखनऊ से पहले वाले जिले में लगा दी। अब सीन ये हो गया कि तीन पदाधिकारी अपनी बीन अलग बजा रहे हैं और एक की अलग बज रही है। वो टोटल चार हैं मगर होटल तीन का एक और एक का एक हैं। तीन पदाधिकारी एक होटल में एक साथ रह रहे हैं और एक साथ चुनाव प्रचार के लिये जाते हैं मगर एक पदाधिकारी ऐसा है जिसने होटल भी अलग लिया है और सुना है कि साथ साथ वाले सीन में वो इन तीन के साथ कही भी नही है।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में 'स्पिक मैके' कार्यक्रम में पदमश्री शोवना नारायण की प्रस्तुति ने बांधा शमां



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में सोमवार को 'विश्व नृत्य दिवस' के अवसर पर स्पिक मैके कार्यकम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में दुनिया की जानी-मानी व देश की प्रमुख कथक कलाकार पद्मश्री शोवना नारायण ने शिरकत की। शोवना नारायण का नाम कथक के साथ जुड़ा है, जो इस प्राचीन नृत्य कला के प्रमुख गुरु माने जाते हैं। भारतीय आध्यात्मिकता, शास्त्रीयता और कलात्मक उत्कृष्टता के क्षेत्र में उनका योगदान है, जिसके कारण उन्हें पद्मश्री पुरस्कार और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया है।

शाल पहनाकर व पुष्प देकर शोवना नारायण का किया गया स्वागत कार्यक्रम का आरम्भ नेहरू वर्ल्ड स्कूल की एग्जीक्यूटिव हैड सुसन होम्स व निदेशक डा. अरुणाभ सिंह ने शाल पहनाकर व पुष्प देकर शोवना नारायण का स्वागत किया। पदमश्री शोवना ने उपस्थित दर्शकों व छात्रों को संगीत नृत्यशास्त्र, भाव, रस, मुद्रा जैसी बारीकियों से अवगत कराया। अपनी प्रस्तुति में उन्होंने विभिन्न प्रकार की नृत्य मुद्राओं, विभिन्न जानवरों की चाल, द्रौपदी चीरहरण, ठुमरी को छेड़छाड़ एवं तीन ताल लयकारी को प्रस्तुत किया। नेहरू वर्ल्ड स्कूल व उपस्थित दर्शकों के लिए अभूतपूर्व व विस्मरणीय पल थे, जब साक्षात नृत्यशास्त्र उनकी आंखों के समक्ष उपस्थित था।

कार्यक्रम के अन्त में सभी का किया गया आभार व्यक्त नेहरू वर्ल्ड स्कूल के निदेशक डा. अरुणाभ सिंह ने कार्यक्रम के अन्त में आभार व्यक्त करते हुए पद्मश्री नृत्यांगना व उनके संगीतकारों को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया व आमंत्रण स्वीकार करने के लिए आभार व्यक्त किया। स्पिक मैके की संयोजिका आभा का विशेष आभार प्रकट किया। भविष्य में इस प्रकार के और भी कार्यक्रमों, जो हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखे हुए हैं, को करने की इच्छा जताई ताकि आज के आर्टिफीशियल इटेलीजेंस के युग में अपनी जड़ों से जुड़ा महसूस करें।

### विश्वभर में प्रसिद्ध है शोवना नारायण की कला

(करंट क्राइम)। लगभग सात दशक तक चलने वाले उनके प्रतिष्ठित करियर में, शोवना नारायण ने अपनी कला के प्रदर्शन से विश्वभर के दर्शकों को मोहित किया है। उनके प्रदर्शनों को अन्तर्राष्ट्रीय महत्वपूर्ण महोत्सवों में अद्भुत वर्णन किया गया है, जैसे कि कई राष्ट्रपतियों और सरकारों के समक्ष उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। साथ ही, एक कथक कलाकार के रूप में, उनकी सामाजिक संवेदनशीलता ने उन्हें स्पेशल चिल्ड्रन और असहाय लोगों के साथ काम करते हुए एक प्रतिष्ठित स्थान पर विराजमान किया है।

# भारत विकास परिषद ने इंदिरापुरम के 10 स्थानों पर की पीने के पानी की व्यवस्था



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद इन्दिरापुरम की मुख्य शाखा द्वारा जल सेवा (सेवा प्रकल्प) के तहत इंदिरापुरम के 10 स्थानों पर ठंडे पानी के घड़े लगाने की योजना का शुभारंभ किया गया। तपती धूप में यह सेवा राही गिरों को कुछ राहत प्रदान करेंगी, जिसका प्याऊं गेट नं1 शिप्रा रिवेरा, गेट नं 8 शिप्रा रिवेरा, नीति खंड -1, शक्ति खंड 4 पर लागाऐ गए है। इस अवसर पर अध्यक्ष विनिता वाजपेयी, सचिव रविन्द्र तिवारी, महिला संयोजिका रिचा वालिया, सेवा प्रकल्प प्रभारी निशा मित्तल, अजेय वालिया, राजीव शर्मा, पूनम वैश्य, हरिओम मौजूद रहे। सचिव रविन्द्र तिवारी ने कहा कि मुख्य शाखा के सेवा शाखा रुप में जनहित में कार्य करने के लिए हमेशा ततपर रहते है।

### योग्यता



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सेंट पॉल अकादमी के छात्र अर्णव अग्रवाल ने कक्षा 10 में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया है। सेंट पॉल अकादमी के कक्षा 10 बी के छात्र अर्णव अग्रवाल ने इस परीक्षा में 98 परसेंट अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस सफलता पर पापा अमित अग्रवाल और मम्मी मोनिका अग्रवाल भी बेहद प्रसन्न और उत्साहित हैं। अर्णव अग्रवाल को सभी ने बधाई शुभकामनाए दी है।

# दुष्यंत पुडीर बने गाजियाबाद-नोएडा मंडल आईएनए के नए अध्यक्ष



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम स्थित एक होटल में इंडियून नर्सरीमैन एसोसिएशन गाजियाबाद नोयडा की कार्यकारिणी की आम सभा हुई। जिसकी अध्यक्षता रफीक खान प्रदेश अध्यक्ष एवं हरीश भाटी प्रदेश महासचिव ने की। जिसमे दुष्पत पुंडीर को सर्वसम्मति से नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर मनोज भाटी उपाध्यक्ष, इमरान उपाध्यक्ष, संजय त्यागी महासचिव, संजीव कुमार सचिव और सभी सदस्यगण उपस्थिति रहे। साथ ही नर्सरी मैन भी उपस्थित रहे। रफीक खान ने सभी का नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी का धन्यवाद किया है।

### कम उम्र में डायबिटीज ने दी दस्तक



**नोएडा।** अब मधुमेह सिर्फ बुजुर्गों की बीमारी नहीं रह गई है। इस बीमारी ने बच्चों से लेकर युवाओं को भी अपने चपेट में ले लिया है। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में आने वाले डायबिटीज के मरीजों की संख्या कुछ यही बयां कर रही है। सप्ताह में करीब 600 मरीज डायबिटीज के आ रहे हैं। इनमें 5 से 8 मरीज 10 साल से कम उम्र के बच्चे होते हैं। डायबिटीज के मरीजों में 25 से 35 वर्ष के युवा सबसे अधिक हैं। डॉक्टरों के अनुसार बच्चों में डायबिटीज की बीमारी का मुख्य कारण असंतुलित खानपान, मोटापा और तनाव है। जिम्स में मंगलवार, बुधवार व शुक्रवार को मधुमेह की ओपीडी होती है। इसमें हर दिन करीब 200 मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। इनमें 40 से 50 मरीज नए होते हैं। अस्पताल में बुखार, खांसी की जांच कराने वाले मरीजों में मधुमेह की पुष्टि हो रही है। जिम्स के सीएमएस डॉ. सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि बदलती जीवन शैली व भागदौड़ भरी जिदंगी में इंसान तनावग्रस्त हो रहा है और घर का खाना न खाने के बजाय लोग फास्ट फूड पर निर्भर हो गए हैं। जो मधुमेह का कारण बन रहे हैं। फास्ट फूड में कई प्रकार के रंग युक्त व्यंजन होते हैं जो हमारे शरीर पर असर डालते हैं। फसलों और सब्जियों में लगातार कीटनाशकों का छिड़काव भी मुधुमेह कारण है। इससे बचने के लिए नियमित व्यायाम करें और तनाव से दूर रहें।




# ऑपरेशन त्रिनेत्र को लेकर फिर बढ़ेगी टेंशन



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में चुनावी सीजन खत्म होने के बाद अधिकारी आगे की प्लानिंग में जुट गई है। भले अभी तमाम बाकी चरणों के लिए फोर्स बाहर चल रहा हो पर कमिश्नरेट में नई प्लानिग शुरु हो गई है। सुनने में आ रहा है कि फिर से ऑपरेशन त्रिनेत्र को लेकर टेंशन बढ़ने वाली है। सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों कई थाना प्रभारी को डेटा के चक्कर में फटकार मिली थी। तो वही ऑफिस में सीसीटीएनएस का काम संभालने वाले पुलिसकर्मी भी परेशान हुए बताए जा रहे हैं। वहीं सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट वाले अधिकारी ऑपरेशन त्रिनेत्र की संख्या को लगातार हजारों में बढ़ाने के प्रयास में लगे हुए हैं लेकिन नीचे की स्थिति कुछ और ही चल रही है। पुलिस विभाग वाले सूत्र बता रहे हैं कि कई इलाकों में तो लोगों ने अपने सीसीटीवी की जानकारी देने से ही खाकी वालों को इंकार कर दिया। तो कई जगह जानकारी मिली तो एक्सेस नहीं मिल पाया है। उधर मुख्यालय वाले बता रहे हैं कि ऑपरेशन त्रिनेत्र में आईपी एड्रेस को लेकर जो द्वंद चल रहा है उसको लेकर अभी हल वाली स्थिति नहीं बन पाई है। इसकी वजह से मामला अटका हुआ बताया जा रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि चुनाव खत्म होने के बाद लखनऊ वाले सब ऑपरेशन त्रिनेत्र को लेकर सभी कमिश्नरेट और जिलों के साहब लोगों को अलर्ट करने वाले है। दरअसल मौजूदा समय में अपराध के मामले में सीसीटीवी सबसे बड़ा सुराग और हथियार बन चुका है। जिस भी बड़ी घटनाओं से लेकर अन्य जानकारी सीसीटीवी के जरिये ही मिल पाती है। इसी के जरिये अधिकांश खुलासे हो पाते हैं, इसीलिए शासन की भी मंशा है कि ऑपरेशन त्रिनेत्र जैसे अभियान को पुलिस जमीनी स्तर पर सफल बनाए। दरअसल अधिकारियों की सोच है कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के जरिए पुलिस टेक्निकली रूप से मजबूत हो और विधि विज्ञान प्रयोगशाला के मामले में भी उसका पक्ष बेहतर आए। इसीलिए ऑपरेशन त्रिनेत्र जैसे ऑपरेशन को मजबूत बनाने पर जोर दिया जा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जून के बाद इस अभियान को लेकर थाना प्रभारी और जोन वाले अधिकारियों को लेकर बैठक और विशेष दिशा-निर्देश दिए जाने हैं। इसलिए ही अभी से कागजों में ऑपरेशन त्रिनेत्र को लेकर नेत्र खोली जा रही हैं।

# एनईए के अध्यक्ष विपिन मल्हन को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर जान से मारने की धमकी दी

**नोएडा।** नोएडा आंत्रप्रिन्योर्स एसोसिएशन (एनईए) के अध्यक्ष विपिन मल्हन को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में नोएडा पुलिस और क्राइम रेस्पांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कॉल करने वाले आरोपी मूल रूप से राजस्थान निवासी मनोहर लाल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी हरियाणा के चरखी दादरी में रहता है और पिकअप वैन चालक है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एनईए कार्यालय में उद्यमी वीके सेठ समेत अन्य लोग बैठे हुए थे। दोपहर दो बजे के आसपास कार्यालय के टेलीफोन पर एक युवक ने कॉल की और एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन का मोबाइल नंबर मांगा। कर्मचारियों ने मोबाइल नंबर देने से इन्कार कर दिया। इस पर फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का बदमाश बताते हुए विपिन मल्हन और एनईए स्टाफ को जान से मारने की धमकी दी।

फोन करने वाले ने गाली गलौज करते हुए शाम तक विपिन मल्हन की हत्या करने की बात कही। एनईए कर्मचारियों ने इसकी सूचना विपिन मल्हन को दी।

इस मामले में उद्यमी वीके सेठ की शिकायत पर कोतवाली फेज-1 में मुकदमा दर्ज कराया गया। नोएडा के डीसीपी विद्यासागर मिश्र के मुताबिक मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल नंबर को ट्रेस किया। इसके बाद फोन कर धमकी देने वाले आरोपी मनोहर लाल शर्मा को झुंडपुरा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

### एमए पास है आरोपी, पत्नी एमटेक

पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी मनोहर एमए पास है, जबकि पत्नी एमटेक कर चुकी है। आरोपी का दावा है कि पत्नी पहले नोएडा की कंपनी में काम करती थी। गिरफ्तार आरोपी के मुताबिक नौकरी के दौरान पत्नी की जान पहचान विपिन मल्हन से हुई थी। वर्ष 2019 में पत्नी विपिन के साथ बंगलूरु गई थी। हालांकि मल्हन ने इससे इन्कार किया है। आरोपी का कहना है कि जब भी वह नोएडा आता है तो इस प्रकरण को याद कर गुस्सा आता है। उसने वर्ष 2019 में विपिन मल्हन को कॉल कर धमकाया था।

# हापुड़ में किसान से ठगी, साइबर ठग ने बनाया निशाना, 1.26 लाख रुपये का लगाया चूना




**हापुड़, करंट क्राइम।** कृषि सोलर पंप लगाने के नाम पर साइबर ठगों ने गांव ददायरा के एक किसान से 1.26 लाख रुपये ठग लिए। ठगी को अंजाम देने के लिए आरोपी ने खुद को कृषि विभाग का कर्मचारी बताया। मामले में पीड़ित की तहरीर पर थाना साइबर क्राइम में अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### सोलर पंप लगवाने के लिए किया था आवेदन

थाना देहात क्षेत्र के गांव ददायरा के अमित कुमार ने बताया कि 28 फरवरी को प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत उसने अपनी माता के नाम पर कृषि सोलर पंप लगवाने के लिए आवेदन किया था। 13 मार्च की दोपहर 12 बजे उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल पर बात कर रहे व्यक्ति ने खुद को कृषि विभाग में कर्मचारी बताकर पीड़ित को झांसे में ले लिया। आरोपी ने पीड़ित को बताया कि सोलर पंप लगवाने के लिए अभी भुगतान नहीं कराया गया है। आरोपी ने भुगतान नहीं करने पर आवेदन निरस्त करने की बात कही। इस पर पीड़ित ने आरोपी की बातों की सत्यता जानने के लिए उससे आवेदन संबंधी की जानकारी मांगी।

### ठगी के बाद नंबर किया बंद

आरोपी ने उसके व्हाट्सएप पर आवेदन संबंधी जानकारी भेज दी। इस पर पीड़ित ने उसकी बात पर भरोसा कर लिया। जिसके बाद पीड़ित ने 13 मार्च को आरोपी के खाते में 1.26 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। आरोपी ने भुगतान किए जाने संबंधी रसीद भी पीड़ित को भेजी थी। पीड़ित को भरौसा दिलाया कि 30 अप्रैल को सोलर पंप लग जाएगा। इसके बाद से आरोपी का नंबर स्विच ऑफ आ रहा है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि थाना साइबर क्राइम में अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जांच कर जल्द आरोपी की गिरफ्तारी होगी।

# आई.एम.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ भव्य उत्कृष्ट 'गुरु सम्मान समारोह 2024' का आयोजन







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आई.एम.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद में 03 मई, 2024 को उत्कृष्ठ गुरु सम्मान समारोह का भव्य रूप से आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन हेतु अनुमति एवं सहयोग जिला विद्यालय निरीक्षक गाजियाबाद के द्वारा प्रदान की गयी थी।

कार्यक्रम का शुभ आरम्भ मुख्य अतिथि गौरव शर्मा (चीफ रिसर्च साइंस्टिक, डी.आई.सी.) और प्रो. (डा.) विक्रम बाली (निदेशक आई.एम.एस) के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।

विभागाध्यक्ष (कम्प्यूटर सांइस), डा. सोनिया जुनेजा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विशेषताओं का वर्णन किया तथा यह बताया कि स्कूलों और विश्वविद्यालयों के बीच में जो अन्तर है उसे किस प्रकार दूर किया जा सकता है।

### समारोह में 200 स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने लिया हिस्सा

(करंट क्राइम)। शिक्षक डा. मिलन चक्रवर्ती ने मानवी मूल्यों पर अपने विचार व्यक्त किये। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि माननीय गौरव शर्मा ने सरकारी संस्थाओं, विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में होने वाले रिसर्च अध्ययन पर चर्चा की। पुरस्कार वितरण के पश्चात प्रो. (डा.) विक्रम बाली (निदेशक, आई.एम.एस.) ने सभी प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को बधाई तथा धन्यवाद दिया। शिविर संयोजक प्रो. अतुल कुमार ने बताया कि समारोह में लगभग 200 स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने प्रतिभाग लिया जिनका सम्मान मुख्य अतिथि तथा निदेशक द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं प्रशासनिक अधिकारी आदि भी मौजूद रहें।

## गाजियाबाद में महिला को लेकर हुआ बवाल

# रेलवे ट्रैक पर लेटी पीड़िता को घर लेकर पहुंचा युवक, पति ने चाकू मारकर किया लहूलुहान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना मोदीनगर क्षेत्र की विजयनगर कॉलोनी क्षेत्र में रविवार रात एक महिला को लेकर जमकर बवाल हुआ है। रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने के लिए लेटी महिला को वहां से गुजर रहे एक युवक ने बचा लिया। इसके बाद युवक महिला को लेकर उसके घर पहुंचा। जहां महिला के पति ने पहले युवक से गाली-गलौज की। फिर चाकू से हमला कर युवक को लहूलुहान कर दिया।

नगर की कृष्णापुरी कॉलोनी निवासी अजय कुमार रविवार रात दस बजे के आसपास मच्छर मारने वाली कोएल लेने के लिए दुकान पर जा रहे थे। जब वह विजयनगर कॉलोनी स्थित रेलवे फाटक 16 के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक महिला रेलवे ट्रैक पर लेटी हुई और थोड़ी देर बाद ही ट्रेन आने वाली है। अजय कुमार ने महिला को किसी तरह ट्रैक से हटाया। महिला ने बताया कि मेरा पति से विवाद हुआ है। आए दिन की मारपीट से परेशान होकर आज मैं आत्महत्या करने के लिए आई है। इसके बाद अजय कुमार महिला को लेकर उसके घर पहुंचा। आरोप है कि घर पहुंचते ही महिला का पति उसके साथ गाली गलौच करने लगा। इतना ही नहीं महिला के पति ने अजय पर चाकू से कई वार किए। जिस कारण वह घायल हो गए।

इस संबंध में पुलिस का कहना है कि घायल अजय कुमार को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। अजय की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# भारतीय मूल की सुनीता तीसरी बार अंतरिक्ष की उड़ान भरने को तैयार, बोलीं- घर वापस जाने जैसा होगा

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स एक बार फिर अंतरिक्ष जाने के लिए तैयार हैं। इस बार उनके साथ बुच विल्मोर भी रहेंगे। नासा के दो अनुभवी अंतरिक्ष यात्री बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में सवार होकर अंतरिक्ष जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान होगा, जो सात मई को उड़ान भरेगा। नासा के अनुसार, यूनाइटेड लॉन्च अलायंस एटलस वी रॉकेट और बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान सात मई की सुबह आठ बजकर चार मिनट पर कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा।

**नए अंतरिक्ष यान में उड़ान भरने को लेकर उत्साहित :** मिशन को संचालित करने जा रहीं सुनीता विलियम्स ने मीडिया कर्मियों से बात की। उन्होंने कहा कि वह थोड़ी सी घबराई हुई हैं। लेकिन नए अंतरिक्ष यान में उड़ान भरने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने आगे कहा, 'जब मैं अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचूंगी, तो यह घर वापस जाने जैसा होगा।'

डॉ. दीपक पांड्या और बोनी पांड्या के घर जन्मीं सुनीता विलियम्स एक बार फिर इतिहास रचेंगी। वह ऐसी पहली महिला होंगी, जो मानवयुक्त अंतरिक्ष यान के पहले मिशन पर उड़ान भरेंगी। वह साल 2006 और 2012 में दो बार अंतरिक्ष जा चुकी हैं। विलियम्स ने दो मिशनों में अंतरिक्ष में कुल 322 दिन बिताए हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

एक समय ऐसा था जब उनके नाम पर एक और रिकॉर्ड दर्ज था। वह एक महिला अंतरिक्ष यात्री द्वारा सबसे अधिक स्पेसवॉक समय के लिए रिकॉर्ड रखती थी क्योंकि उन्होंने सात स्पेसवॉक में 50 घंटे और 40 मिनट बिताए थे। सुनीता ने दूसरी अंतरिक्ष उड़ान 14 जुलाई 2012 को भरी थी। तब वो अंतरिक्ष में चार महीने रही थीं। सुनीता ने 50 घंटे 40 मिनट स्पेसवॉक करके फिर एक नया रिकॉर्ड बनाया था। हालांकि, उसके बाद पेगी व्हिटसन ने 10 स्पेसवॉक के साथ उनका रिकॉर्ड तोड़ दिया था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष यात्रा में अपने साथ भगवान गणेश की मूर्ति, उपनिषद के साथ-साथ समोसे भी लेकर गईं थी। 18 नवंबर, 2012 को उनका दूसरा मिशन खत्म हुआ था।

सुनीता विलियम्स के पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झुलासान में पैदा हुए एक न्यूरोएनाटोमिस्ट थे, लेकिन बाद में अमेरिका चले गए और बोनी पांड्या से शादी कर ली। फिलहाल, सुनीता अब बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन का पायलट बनने की तैयारी कर रही हैं। उनका जून 1998 में अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा में चयन हुआ था। नौ दिसंबर 2006 में वह पहली बार अंतरिक्ष गई थीं।



## गणेश की मूर्ति साथ लेकर जाएंगी सुनीता विलियम्स

तीसरी बार उड़ान भरने से पहले विलियम्स ने बताया कि वह भगवान गणेश की एक मूर्ति साथ लेकर जाएंगी। उनका मानना है कि गणेश उनके लिए भाग्यशाली हैं। वह अपने साथ भगवान गणेश की मूर्ति साथ ले जाने को लेकर खुश थीं। इससे पहले सुनीता अपने साथ अंतरिक्ष में भगवदगीता लेकर गईं थीं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें समासे बहुत पसंद हैं। अपनी पिछली उड़ानों में, वह भगवद गीता की प्रतियां अंतरिक्ष में ले गई हैं। उसने यह भी कहा कि उसे समोसे बहुत पसंद हैं! अपने अन्य जुनून के बीच, वह एक मैराथन धावक भी हैं और आईएसएस में रहते हुए मैराथन दौड़ती हैं। अपने अन्य जुनून के अलावा, वह एक मैराथन धावक भी हैं और आईएसएस में रहते हुए उन्होंने मैराथन दौड़ भी लगाई।

**सुनीता अंतरिक्ष में बिता चुकी हैं कुल 322 दिन**

**इससे पहले विलियम्स दो बार जा चुकी हैं अंतरिक्ष**

**18 नवंबर, 2012 को उनका दूसरा मिशन खत्म हुआ था**




# मेलबर्न में भारतीय छात्र की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या जुलाई में घर आने वाला था

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में एक भारतीय छात्र की चाकू से गोदकर हत्या की गई है। मृतक छात्र के चाचा ने बताया कि भारतीय छात्रों के बीच हुई लड़ाई के दौरान उनके भतीजे की हत्या की गई। शनिवार सुबह नौ बजे मेलबर्न में हुए इस विवाद में एक और छात्र की हालत गंभीर है।



छात्र का नाम नवजीत संधू था, जो कि हरियाणा के करनाल का रहने वाला था। छात्र के चाचा यशवीर के अनुसार कुछ छात्रों के बीच किराए को लेकर विवाद चल रहा था। इस बीच जब नवजीत इस विवाद को सुलझाने गया, तो उस पर बुरी तरह चाकुओं से हमला किया गया।

### चाकू से गोदकर की गई छात्र की हत्या

यशवीर ने बताया कि नवजीत अपने दोस्त के साथ उसके घर से कुछ सामान लेने गया था क्योंकि उसके पास कार थी।

जब वह घर के बार अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था, तो उसे घर के अंदर से शोर की आवाज सुनाई दी।

नवजीत ने जब घर के अंदर घुसकर विवाद सुलझाने की कोशिश की, तो उसके सीने पर बुरी तरह से चाकू से हमला किया गया। इसके बाद नवजीत की मौत हो गई। नवजीत के जिस साथी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वह भी करनाल का ही रहने वाला था।

### जुलाई में छुट्टियों पर घर आने वाला था नवजीत

यशवीर ने बताया कि रविवार की सुबह उनके परिजनों को इस बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने आगे बताया कि नवजीत जुलाई महीने में छुट्टियों पर घर आने वाला था लेकिन इस घटना के बाद से पूरा परिवार स्तब्ध है। नवजीत डेढ़ साल पहले स्टडी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया गया था।

उसके किसान पिता ने अपने बेटे की पढ़ाई के लिए डेढ़ एकड़ जमीन बेच दी थी। परिवार ने भारत सरकार से नवजीत का शव भारत लाने में मदद करने का आग्रह किया है।

# ब्राजील में बारिश से मरने वालों की संख्या 75 हुई

**ब्राजील।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडो डो सुल में भारी बारिश के बाद बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 75 हो गई है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक 103 लोग अब भी लापता है। 88 हजार से ज्यादा लोग अपने घरों से विस्थापित हुए। जबकि करीब 16 हजार लोगों ने स्कूलों, जिम और अन्य अस्थायी आश्रयों में शरण ली। इस बीच, राज्य के गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने कहा, जिस तबाही का हम सामना कर रहे हैं, वह अभूतपर्व है। रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने रविवार को दूसरी बार प्रभावित राज्य का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ रक्षा मंत्री जोस म्यूसियो, वित्त मंत्री फर्नांडो हद्दाद और पर्यावरण मंत्री मरीना सिल्वा भी मौजूद थे।



# चीन में भारतीय छात्रों की संख्या घटकर 23 हजार से हुई 10 हजार, सीमा विवाद इसकी बड़ी वजह

**कोरोना काल से पहले चीनी विश्वविद्यालय भारतीय छात्रों के लिए पसंदीदा स्थान बन गए थे।**

**बीजिंग।** चीन के साथ सीमा विवाद व कोविड संबंधी प्रतिबंधों के बीच भारतीय छात्रों ने चीन के विश्वविद्यालयों से किनारा कर लिया है। 2020 की शुरूआत में कोरोना के भीषण प्रकोप के समय चीनी विश्वविद्यालयों में 23 हजार से ज्यादा भारतीय छात्र अध्ययन कर रहे थे, जिनकी संख्या घटकर 10 हजार रह गई है।



कोरोना काल से पहले चीन में विदेशी छात्रों में दूसरी सर्वाधिक संख्या भारतीयों की थी, जबकि सबसे ज्यादा पाकिस्तानी थे, जिनकी संख्या 28 हजार के करीब थी। जानकार बताते हैं कि ज्यादातर भारतीय छात्र चीन में मेडिकल की पढ़ाई करने जाते हैं। भारत में सरकारी मेडिकल संस्थानों में दाखिला पाने के लिए कड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है।

**फीस ज्यादा लेकिन दाखिले में नहीं होती परेशानी :** दूसरी तरफ चीन के निजी मेडिकल कॉलेज अत्यधिक फीस वसूलते हैं लेकिन दाखिले में दिक्कत नहीं होती। इसके कारण कोरोना से पहले चीनी विश्वविद्यालय भारतीय छात्रों के लिए पसंदीदा स्थान बन गए थे। हालांकि, चीन से मेडिकल करने वाले छात्रों को भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति के लिए विदेशी मेडिकल स्नातक परीक्षा देनी होती है।

### यूक्रेन से युद्ध के बीच राष्ट्रपति पुतिन के सख्त तेवर

# सेना को दिया परमाणु हथियारों के अभ्यास का आदेश

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच 26 महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। फिलहाल यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है।

इस बीच, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर अपने खतरनाक इरादों का संकेत दिया है। उन्होंने रूसी सेना को परमाणु हथियारों के साथ अभ्यास करने को कहा है। यह आदेश यूक्रेन की सीमा पर तैनात थल सेना और नौसेना को दिया गया है।




**परमाणु हथियारों को भी किया जाएगा शामिल :** रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अभ्यास के दौरान परमाणु हथियारों को भी शामिल किया जाएगा। यह देखा जाएगा कि कैसे इन हथियारों के साथ तैयारी की जा सकती है और इनका क्या इस्तेमाल हो सकता है।

**लगातार दे रहे चेतावनी :** बता दें, जब से यूक्रेन से साथ युद्ध शुरू हुआ है, तब से पुतिन परमाणु हथियारों को लेकर कई बार बयानबाजी दे चुके हैं। फरवरी में भी उन्होंने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने की चेतावनी दी थी। अब पुतिन ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है, जब रूस की सेना का कहना है कि यूक्रेन के अलावा पश्चिमी देशों से भी उसे खतरा है।

**एकता की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार :** अब तक मिली जानकारी के अनुसार, इस अभ्यास में परमाणु हथियारों की तैनाती और उनके इस्तेमाल को शामिल किया जाएगा। सेनाएं अभ्यास करेंगी कि कैसे इन हथियारों का जंग में इस्तेमाल करना है और कैसे मोर्चे पर इन्हें तैनात किया जा सकता है। रूस की सेना का कहना है कि इसके जरिए हम यह दिखाना चाहते हैं कि अपनी अखंडता और एकता की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार और तत्पर हैं।

**पश्चिमी देशों से हमें खतरा :** मंत्रालय ने बताया कि अभ्यास में विमान और नौसेना बल भाग लेंगे, साथ ही दक्षिणी सैन्य जिले के सैनिक भी भाग लेंगे, जो यूक्रेन की सीमा से लगा हुआ है। रूसी सेना ने कहा कि पश्चिमी देशों से हमें खतरा है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए हर स्तर पर तैयारी जरूरी है। बता दें कि खुद व्लादिमीर पुतिन कई बार अमेरिका समेत उन पश्चिमी देशों को परमाणु हथियारों की धमकी दे चुके हैं, जो यूक्रेन की मदद कर रहे हैं। ऐसे में अब परमाणु हथियारों के अभ्यास का फैसला अहम है।

# ब्रिटेन के 33 वर्षीय एवं 317 किलो के सबसे वजनी व्यक्ति की मौत

**ब्रिटेन।** ब्रिटेन के सबसे वजनी व्यक्ति जेसन हॉल्टन के अंगों ने काम करना बंद कर दिया था जिससे उनकी मौत हो गई। 33 वर्षीय हॉल्टन की मौत उनके जन्मदिन के ठीक एक दिन बाद हुई। उनका वजन लगभग 317 किलो था। हॉल्टन की मां के अनुसार, एंबुलेंस कॉल के बाद उनकी मदद के लिए दमकलकर्मियों को रॉयल सरे काउंटी अस्पताल में बुलाया गया। उन्होंने आगे बताया कि हॉल्टन की किडनी ने सबसे पहले काम करना बंद किया था। इसके बाद ही डॉक्टरों ने उन्हें बता दिया था कि हॉल्टन के पास ज्यादा समय नहीं है।

हॉल्टन की मां ने कहा, ₹वह शायद आठ जिंदगियां जी चुका है। मुझे लगा कि डॉक्टर उसे बचा लेंगे, लेकिन यह संभव नहीं हो सका।₹ रिपोर्ट के अनुसार अंगो ने काम करना बंद कर दिया और मोटापे की वजह से हॉल्टन की मौत हो गई। ऐसा बताया गया कि किशोरावस्था में अपने पिता की मौत के दुख से बाहर निकलने के लिए हॉल्टन ने ज्यादा खाना शुरू किया था।



वह रोजाना दस हजार कैलोरी लेते थे, यहां तक कि डोनर कबाब भी उनके नाश्ते का हिस्सा बन गया था।

**चार साल पहले अपने फ्लैट में गिर गए थे हॉल्टन :** पिछले साल एक साक्षात्कार में हॉल्टन ने कहा था, ₹मेरा मानना है कि सामान्य तौर पर मेरा समय खत्म हो गया है। मैं अब 34 का होने वाला हूं। मैं जानता हूं कि मुझे कुछ प्रयास करना होगा।₹ चार साल पहले (2020 में) हॉल्टन अपनी तीसरी मंजिल फ्लैट से गिर गए थे। उन्हें 30 दमकल और एक क्रेन की सहायता से उठाया गया था।

# चीनी राष्ट्रपति के खिलाफ सड़कों पर जुटे लोग तिब्बत-शिनजियांग में ड्रैगन का किया विरोध

**पेरिस।** फ्रांस और चीन अपने रिश्तों को सुधारने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग पेरिस पहुंचे। हालांकि, तिब्बत और शिनजियांग की वकालत करने वाले कार्यकर्ता भी इन क्षेत्रों में मानवाधिकारों के हनन पर चिंताओं को उजागर करने के लिए एकत्र हुए। उन्होंने शी के आने का विरोध किया।



### सर्बिया और हंगर भी जाएंगे शी

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग पहली बार यूरोप की यात्रा कर रहे हैं। इस यात्रा के दौरान यूक्रेन-रूस युद्ध और बीजिंग तथा ब्रुसेल्स के बीच आर्थिक तनाव को लेकर बात होने की उम्मीद है। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था कि शी के यूरोप की यात्रा की शुरूआत फ्रांस से होगी। इसी को लेकर वह पेरिस पहुंच गए हैं। वहीं, पाइरेनीज क्षेत्र में जाने से पहले शी सोमवार को फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन के साथ एक बैठक में शामिल होंगे। इसके अलावा, वह सर्बिया और हंगर भी जाएंगे।

### चीन और फ्रांस के झंडों से सजी हुई थीं सड़कें

शी के पेरिस पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों चीन और फ्रांस के झंडों से सड़कें सजी हुई थीं। वहीं, चीनी नागरिकों के समूहों ने अपने राष्ट्रपति का स्वागत किया। उत्सव के माहौल के बीच, तिब्बत और शिनजियांग की वकालत करने वाले कार्यकर्ता भी राजधानी की सड़कों पर मौजूद थे। उन्होंने चीनी राष्ट्रपति के पहुंचने पर विरोध-प्रदर्शन किया।

बता दें, मार्च 2021 में शिनजियांग की स्थिति को लेकर यूरोपीय संघ द्वारा कुछ चीनी अधिकारियों और कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने पर बीजिंग ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई थी।


ह्यूमन राइट्स वॉच ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों से शी की पेरिस यात्रा के दौरान इन मुद्दों को सामने रखने का आग्रह किया।

वहीं, मनमाने ढंग से हिरासत में लिए गए व्यक्तियों की रिहाई का भी आह्वान किया, जिसमें इल्हाम तोहती, एक उइगर अर्थशास्त्री और सखारोव शामिल हैं।

# पूरी हो गई नासा के तीन उपग्रहों की उम्र दो दशक से धरती पर रख रहे थे नजर, वैज्ञानिकों में चिंता

**वाशिंगटन।** धरती पर नजर रखने वाले नासा के तीन उपग्रहों की उम्र पूरी हो गई है। लंबे वक्त से चल रहे ऑर्बिटर टेरा, एक्वा और ऑरा को जल्द ही बंद कर दिया जाएगा। एक हाथी जितने भारी ये उपग्रह अगले कुछ वर्षों में अंधेरे में चले जायेंगे, लेकिन कोई नहीं जानता कि ऐसा कब होगा। ये धीरे-धीरे अपनी ऊंचाई खो रहे हैं। यह एक ऐसा पल है जिससे वैज्ञानिक डर रहे हैं। दो दशकों से भी अधिक वक्त से ये उपग्रह पृथ्वी पर नजर रखे हुए हैं। जो उम्मीद से भी अधिक है। इनसे मौसम की भविष्यवाणी करने, जंगल की आग का प्रबंधन करने, तेल रिसाव की निगरानी करने और बहुत कुछ करने में मदद मिलती है।

इसके बाद वैज्ञानिकों को बदलती जा रही पृथ्वी के बारे में अपने नजरिए को परखने का समाधान खोजने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। लेकिन अब इन उम्र उन पर हावी हो रही है। ये जल्द ही अपना आखिरी प्रसारण भेजने के साथ पृथ्वी पर धीमी रफ्तार से गिरना शुरू कर देंगे। उपग्रहों के बंद होने के साथ ही इनका इकट्ठा किया गया अधिकांश डेटा भी खत्म हो जाएगा।



### सारा डेटा नहीं ले पाएंगे नए उपग्रह

इनकी जगह लेने वाले नए उपग्रह सारा डेटा नहीं ले पाएंगे। शोधकताओं को या तो अपनी सटीक जरूरतों को पूरा न कर सकने वाले वैकल्पिक स्त्रोतों पर निर्भर रहना होगा या अपने रिकॉर्ड को जारी रखने के लिए नया रास्ता तलाशना होगा। इन उपग्रहों के इकट्ठा किए गए कुछ डेटा के साथ हालात और भी बदतर है, क्योंकि कोई अन्य उपकरण इसे इकट्ठा करना जारी नहीं रखेगा। हमारी दुनिया के बारे में जो बढ़िया विशेषताएं इन उपग्रहों ने बताई थी वो जल्दी ही धुंधली हो जाएगी।

मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के वायुमंडलीय रसायनज्ञ सुसान सोलोमन के मुताबिक, इस अपूरणीय डेटा को खोना बेहद दुखद है। वो भी उस वक्त जब यह समझने पर ध्यान केंद्रित करने की सबसे अधिक जरूरत है कि हम पृथ्वी को कैसे प्रभावित होते हैं और हम इससे कैसे प्रभावित कर रहे हैं। इन उपग्रहों के खत्म होने से हम समताप मंडल पर नजर खो देंगे।

ये ओजोन परत का सबसे अहम घर है। समताप मंडल की ठंडी, पतली हवा में, ओजोन अणु लगातार बनते और नष्ट होते, उछलते और बहते रहते हैं, क्योंकि वे अन्य गैसों के साथ संपर्क करते हैं। इनमें से कुछ गैसों की उत्पत्ति प्राकृतिक है; दूसरे हमारी वजह से वहां हैं।

# हमास-इस्राइल युद्ध : हमास के हमले से बिगड़े हालात इस्राइल ने राफा में कई मिसाइलें दागीं, 16 की मौत

**यरुशलम।** हमास और इस्राइल बीते सात महीने से जंग लड़ रहे हैं। अब तक 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। जहां सभी देश संघर्ष विराम की उम्मीद लगाए हुए थे। वहीं, अब एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। हमास ने रविवार को इस्राइल के मुख्य क्रॉसिंग पॉइंट पर कई मिसाइलें दागी थीं। इस हमले में तीन इस्राइली सैनिक मारे गए। आगबबूला हुए इस्राइल ने भी पलटवार किया। उसने दक्षिणी शहर राफा में हवाई हमले किए, जिसमें 16 लोग मारे गए। अब इन सबके बीच, इस्राइल ने नागरिकों को राफा शहर को तुरंत खाली करने का आदेश दिया है। दरअसल, देश के रक्षा मंत्री द्वारा हमले तेज करने की चेतावनी के बाद राफा के लोगों को नोटिस जारी किया गया है।

आईडीएफ प्रवक्ता की इकाई के अरब मीडिया प्रभाग के प्रमुख अविचय अदराई ने निवासियों से अपनी सुरक्षा के लिए चौकियों के सटी जगहों को तुरंत खाली करने का अनुरोध किया है। जिन क्षेत्रों को विशेष रूप से खाली करने का आदेश दिया गया है, उनमें अल-शौका की नगर पालिका और राफा में अल-सलाम, अल-जनीना, तिबा जरा और अल-बयौक शामिल है।

**लोगों से इलाका छोड़ने को कहा गया**



### अब तक का घटनाक्रम

- इस्राइल बलों ने हमास द्वारा किए गए हवाई हमलों का जमकर जवाब दिया। इस्राइली सेना ने गाजा के राफा में हवाई हमले किए, जिसमें 16 लोगों की जान चली गई। गाजा के अधिकारियों का कहना है कि मारे गए लोगों में एक परिवार के सात सदस्य और दूसरे परिवार के नौ सदस्य शामिल हैं। चिकित्सा सूत्रों ने शहर में विभिन्न स्थानों पर दो हमलों की पुष्टि की है।
- इससे पहले, हमास ने केरेम शालोम क्रॉसिंग पर रॉकेट दागने की जिम्मेदारी ली थी। इस हमले में तीन इस्राइली सैनिक मारे गए थे। इसी के जवाब में इस्राइली बलों ने गाजा में हवाई हमले तेज कर दिए।
- दक्षिण लेबनान में, एक इस्राइली हवाई हमले में चार नागरिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। हमला मेस अल जबल में उस समय हुआ, जब यहां के लोग पिछले हमलों से हुए नुकसान का निरीक्षण कर रहे थे।
- वहीं, इस्राइल की सरकार ने कतर के स्वामित्व वाले प्रसारक अल जजीरा के खिलाफ कार्रवाई की है। ल जजीरा के कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया। रविवार को जैसे ही इस्राइल में अल जजीरा का प्रसारण बंद किया गया, पुलिस ने उसी दिन दोपहर को समाचार नेटवर्क के यरूशल स्थित कार्यालय से सके प्रसारण उपकरण जब्त किए।

# मुंबई में हुआ सनातन संस्कृति भारत सेमिनार का आयोजन







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मुंबई के कांदिवली क्षेत्र के तेरा पंथ भवन में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महाराष्ट्र और तुलसी महाप्रज्ञ फाउंडेशन के तत्वाधान में सनातन संस्कृति एव भारत 2047 सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल तथा पूर्व राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। इस सम्मेलन में वैश्य समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया और अपने विचार रखे।

# मैनपुरी घटना को लेकर जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मैनपुरी शहर में सपा के मुखिया अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा महाराणा प्रताप की मूर्ति का अपमान कर उनकी वीरता की पहचान क्षत्रिय की आनबान शान तलवार पर सपा का झंडा लगाकर जिस तरह का गलत व्यवहार किया गया है, शिरोमणि महाराणा प्रताप सिंह पंथियों को आहत व अपमानित किया है। उससे समाज में काफी नाराजगी है। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी के कार्यव्यवस्था के कार्यभार पर कार्य देख रहे सौरभ भट्ट एडीएम फाइनेंस के माध्यम से संस्थाओं को साझा कर ज्ञापन सौंपा गया।

इस कृत्य के लिए ज्ञापन के माध्यम से सद्भावना संरक्षण समिति, अखिल भारतीय राजपूताना, निभा फाउंडेशन, शिक्षा से शिखर तक, व्यापार मंडल, बिग स्माइल फाउंडेशन, पूर्वांचल समिति, प्रयास एक आशा, निभा फाउंडेशन, परमार्थ सेवा संस्थान, उत्थान समिती, सेवा संघ, क्षत्रिय सेवा समिती, शिक्षा से शिखर तक सहित अन्य सामाजिक व्यक्तियों ने इसकी घोर निंदा करते हुए एवं इसके दोषियों को तत्काल पकड़ कर सख्त सजा की मांग की। इस दौरान रनीता सिंह, प्रदीप चौधरी अनिल जैन, बाल किशन गुप्ता अनिल सांवरिया, पंडित अशोक भारतीय, राजू छाबड़ा संजीव लाहोरिया ,संदीप बंसल, रजनीश बंसल सुरेश महाजन प्रदीप सिसोदिया , निभा श्रीवस्तव, ठाकुर विजेंद्र सिंह भाटी, जयश्री सिन्हा, बीना सिमरन रंधावा, पूनम सिंह, मनोज कुमार, सतेन्द्र सिंह, सीपी सिंह, प्रमोद शिशौदिया, संतोष राणा, अनीता विश्वास, स्वाती चौरसिया, रजनी जोशी,रेहा डिमरी, उषा नेगी,जितेंद्र सिंह, आरती गौर ,मोनिका खोसला, रूपाली गुप्ता, ममता , सविता पांडे ,सीमा चौहान ,रेखा गोयल , महक मारवाह आदि लोग मौजुद रहे।





क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर की बिरादरी वाले एक खास चेहरे को लेकर द यूनियन वाले एक चेहरे है बहुत ज्यादा नाराज? उन्होंने किसी से स्पष्ट कह दिया है कि अगर उन्होंने अपने खास को नामित बनाने को लेकर की जरा भी कोशिश? तो अपने लाल रंग से लिखे हुए लैटर मैं भेजूंगा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के पास? सुना है द यूनियन के इस सिंह ने भर दी है कमांडर के प्रिय के खिलाफ दहाड़? कह दिया है कुछ भी हो जाये इस चेहरे को नामित वाली व्यवस्था में नहीं होने दूंगा मैं स्वीकार?

क्यों कहा कहने वाले ने कि जनरली साहब के खास एक चेहरे ने भेजा है अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ बड़ा संदेश? कहा है जो लोग कर रहे हैं मकान बदलने की चर्चाए? आने वाले समय में मुंह की खायेंगे ये सारे फेस? साहब का मजबूती से रहना है गाजियाबाद से नाता? जहां है वहीं रहेगें, माहौल बनाने वालों का बस है इसी तरह की अफवाहें फैलाने से नाता? कहने वाले ने कहा इस तरह की अफवाहें फैलाने वाले हो जायें सावधान? साहब के खास चेहरे को पता है इस तरह का माहौल बनाने वाले एक-एक व्यक्ति का नाम?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले राणा का इस बार कुछ अलग ही है अंदाज? सुना है वो आजकल संगठन के कुछ बड़े चेहरों से हैं बहुत ज्यादा नाराज? उन्होंने कहीं पर रखी थी डॉली दीदी की जीत वाली बात? ये बात वहां से ट्रेवल करती हुई आ गई हमारे पास? अगर हमारी बतायी हुई बात में जरा भी डाउट हो? तो फिर अपना छोटा भाई समझ कर राणा जी कर देना इस तरह की बात करने वाले को माफ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले भगवा सरदार का है पटेटो जैसा किरदार? जैसे आलू की हर सब्जी की पटरी खाती है वैसा ही है हमारे सरदार जी का भी किरदार? अगर आप ध्यान से करोगे उनकी वर्किंग पर गौर? तो उन्होंने पकड़ा हुआ है माननीय जी से लेकर जनरली साहब और मिस्टर अग्रवाल का छोर? मैडम दयाल का भी रखते हैं वो क्षेत्र में पूरा ख्याल? अब देखना ये है कि कब बढ़ायेंगे वो गर्ग साहब से अपनी नजदीकियां? देखना अगर गर्ग साहब जीते चुनाव तो लगातार भगवा सरदार की उनसे मुलाकातें करेंगी इस बात की तस्दीकियां?

क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा प्रोफेसर बैठे थे किसी के साथ? वो करा रहे थे सामने वाले को अपने प्रिय पंजाबी चेहरे के जलवों का एहसास? कह रहे थे कि भले ही वर्तमान में खूब टॉप पर चल रहा हो पहलवान और पहलवान के दोस्त का नाम? मगर ये भी सच है कि भगवागढ़ की राजनीति में इन पंजाबी चेहरे ने ही दी थी इन दोनों दोस्तों को पहचान? खूब किया था उन्होंने इन दोनों चेहरों को सपोर्ट? अब समय बदल गया है, अब अपने ही दे रहे हैं नशे मन पर चोट?

क्यों कहा कहने वाले ने कि गुड मार्निंग के समय एक बात अपने सवाल के माध्यम से आप पहुंचा देना भगवा बाऊजी साधना जी के पास हमारी? हम चाहते हैं भगवा बाऊजी को करनी चाहिए विधानसभा उपचुनाव में पार्टीसिपेट करने की तैयारी? वो अपने आप में हैं पार्टी के लिए सक्रियता की मिसाल? आंखों का ऑपरेशन कराने के बावजूद उन्होंने प्रत्याशी को वोट दिलवाने का दिलाया था क्षेत्र के लोगों को ख्याल? हमें पता है भगवा सरदार जी वैसे भी नहीं दिखा रहे हैं दावेदारी में कोई इंटरेस्ट? एक बार बाऊजी टिकट मांगें तो सही पूरा समाज करेगा उनको सपोर्ट? कम से कम वो हमारी बात पर करें तो सही ट्रस्ट?

क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से उदिता दीदी ने पूरी अर्चना से अपने खिलाफ डली पोस्ट को दिया है प्यारा सा कमेंट और अच्छा सा लाईक? तब से हम देख रहे हैं उदिता दीदी के खिलाफ पोस्ट डालने वाली सिंह दीदी ने बंद कर दी है उनके खिलाफ फाईट? कहने वाले ने कहा नेगेटिव वाली पोस्ट को उदिता दीदी ने अपनी पॉजिटिव वाली पोस्ट से किया है शानदार तरीके से होस्ट? सच बतायें ऐसे ही व्यवहार बना लेते हैं किसी भी दुशमन को अपना दोस्त?

क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपसे एक निवेदन करना चाहता हूं, आप उस पर रोजाना प्रकट करें विचार? जब तक जटवाड़ा वाले चौधरी ब्रदर अपने बूथ पर मिलने वाली जीत के बारे में ना कहें बात? तब तक आप रोजाना उनसे करते रहें सवाल? आखिर दोनों ब्रदर डॉली दीदी के साथ रोड शो में हुए थे कार में सवार? हम तो बस उनसे उनके बूथ की जीत वाली गारंटी जानना चाह रहे हैं? कौन सा हम कह रहे हैं कि दोनों ऐवरेस्ट को फतह करके दिखायें यार? जिस दिन वो कह देंगे एडवांस में जटवाड़ा से जीत वाली बात? तब से हम उन दोनों नेता को और भी मजबूत नेता मान लेगें साहब?

क्यों कहा कहने वाले ने कि बृज वाले एरिया से आ रही है भगवा कमिश्नर की आवाज? सुना है यहां पर चुनाव में किसी तोमर चेहरे ने दिया था हाथी वालों का साथ? खुलकर लड़ाया था उन्होंने पुंडीर जी को चुनाव? भगवा ठाकुर चेहरे की ये बात बिल्कुल भी नहीं हो रही है त्यागी कमिश्नर को बर्दाश्त? सुना है उन्होंने तैयार की हुई है पूरी इस खिलाफत की रिपोर्ट? आज नहीं तो कल वो इस रिपोर्ट को भगवा कमांडर को देंगे सौंप?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले पंचम भैया का हमें किरदार लगता है बहुत ही निराला? उनकी राजनीति को देखकर मामला हो जाता है झिंगा-लाला? कभी वो अमरपाल जी तो कभी देते हैं वो चुनावों में डॉली दीदी का साथ? लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म हो जाता है उसके बाद वो करने लगते हैं भाजपा जिंदाबाद? उनकी इन अदाओं ने किया हुआ है राजनीति के पंडितों को भी हैरान? हर अंगने में पूरी शिद्दत से चला लेते हैं ये अपना काम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# चौ. अजित सिंह की पुण्य तिथि पर पुष्पांजलि अर्पण कार्यक्रम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद रालोद कार्यालय मेरठ रोड पर सोमवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी अजित सिंह की पुण्य तिथि पर हवन किया गया। सभी ने चौधरी साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। आजित सिंह द्वारा किए महान कार्यों की चर्चा की गई। सभी ने उनके दिखाए रास्ते का अनुसरण करने का संकल्प लिया।

### गणमान्य लोग उपस्थिति रहे

: इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, जिलाध्यक्ष अमित त्यागी, युवा जिलाध्यक्ष जयदीप सिंह, मंडल अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ रामकुमार पंवार, जिला सचिव ओडी त्यागी, योगेंद्र पतला, पूर्व जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बाबी, क्षेत्रीय सचिव लोकेश चौधरी, रामपाल सिंह, प्रोफेशनल मंच जिलाध्यक्ष अरुण दहिया, डा. राजेंद्र चंदेला, सतेन्दर तोमर, जिलाध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ संजय सिंह, प्रदेश सचिव उम्मेद सहरावत, सुरेंद्र चिकारा पूर्व चेयरमैन, युवा जिला महासचिव यश चौधरी, अंकुर डांगी, जिला सचिव ललित सैन, तरुण चौधरी, कर्षणपाल डायरेक्टर आदि बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में चौधरी अजित सिंह अमर रहें के नारे लगाए।

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा खंडित होने से सर्वसमाज ने दिखाया आक्रोश



**लोनी (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद जिला अधिकारी कार्यालय पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के विरोध में शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसमें लोनी सहित मोदीनगर से दर्जनों सामाजिक संस्थाओं ने राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी गाजियाबाद को ज्ञापन दिया, गौरतलब है मैनपुरी लोकसभा से सपा प्रत्याशी के रोड शो में अखिलेश यादव की उपस्थिति में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा महाराणा प्रताप सिंह की प्रतिमा पर तोड़फोड़ एवं अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया जिसके विरोध में लोनी मोदीनगर की सामाजिक संस्थाओं ने राष्ट्रपति के नाम जिला अधिकारी गाजियाबाद को ज्ञापन देकर विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से राजपूत विकास समिति से बृजपाल राघव, अजय चौहान शिव कावड़ सेवा संस्था लोनी (रजि.) से आनंद कुमार, राहुल सिंघल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल से प्रमोद सिंगल, अमृत सेवा ट्रस्ट से उर्मिला, देवेंद्र चौधरी, श्रमिक उत्थान ट्रस्ट से महेश कश्यप, राष्ट्रीय बाल्मीकि न्याय पंचायत से अमित दिसावर, आकाश प्रधान त्यागी, समाज ट्रस्ट से नीरज त्यागी, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ट्रस्ट से राजकुमार गुप्ता, नवीन जायसवाल, डॉ भीमराव अंबेडकर, समाज कल्याण समिति से डीआर एस पाल आकाश गौतम, जाट महासभा लोनी क्षेत्र से मनीष चौहान, राजकुमार मास्टर, नव समाज सत्याग्रह संस्था से लाल बहादुर, साक्षी, महिला उत्थान समिति से श्वेता वर्मा, जाट समाज कल्याण एवं सेवक संस्था से सत्येंद्र चौधरी, अखिल भारतीय श्रमिक महासभा ट्रस्ट से मुकेश चौहान, युवा राजपूत कमांडर समिति से मनोज चौहान, मनीष चौहान एवं सत्यवीर राघव, रोहित भारद्वाज, राजेश सोम, देवेंद्र, जितेंद्र गुप्ता, अनुज जाटव, प्रशांत झा, चंद्रपाल प्रधान, मनीष चौहान, रोहित चौहान, टिटू आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# वैशाली रॉयस सोसायटी के आरडब्लयूए अध्यक्ष बने नवीन खोलिया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर तीन स्थित रॉयस सोसाइटी में आरडब्ल्यूए का चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। यह सोसायटी की पहली कार्यकारिणी के लिए डॉ. पंकज त्रिपाठी, केके द्विवेदी और मानव गुप्ता को चुनाव अधिकारी चुना गया।

जिसमे सर्वसम्मित से नवीन खोलिया को रॉयस वैशाली आरडब्लयूए का अध्यक्ष, सुभाष चौधरी को महासचिव, संजय भाटिया को उपाध्यक्ष और संजीव कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष चुने गए। अध्यक्ष नवीन खोलिया ने कहा कि सोसायटी के लोगो ने मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है। उसे पूरा ईमानदारी से निभाऊंगा और सोसायटी के विकास के लिए निरंतर काम करता रहूंगा।

# श्रीराम कथा में श्रीराम-हनुमान मिलन, बाली वध, लंका दहन आदि प्रसंगों का किया वर्णन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** चन्द्रनगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर ने चल रही। श्री राम कथा में व्यास पंडित गोडेश्वर मुकुट महाराज ने श्रीराम-हनुमान जी मिलन, बाली वध, लंका दहन आदि प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने सर्वप्रथम श्रीराम-हनुमान जी मिलन का प्रसंग सुनाया। कहा कि श्रीराम को देखते ही हनुमान जी उनकी मनःस्थिति समझ गए और सुग्रीव से मित्रता कराई।

जहां पर सुग्रीव ने मां सीता की खोज में सहयोग का आश्वासन देते हुए प्रभु श्रीराम से बाली के विरुद्ध युद्ध में सहायता मांगी। बाली वध के बाद सुग्रीव के कहने पर हनुमान जी लंका पहुंचे। कथा व्यास ने इस दौरान हनुमान जी के विभीषण से संवाद और अशोक वाटिका में मां सीता के साथ संवाद का प्रसंग विस्तार से चौपाइयों सहित सुनाया। इसके बाद हनुमान जी द्वारा लंका दहन करने और मां सीता से निशानी लेकर वापस प्रभु श्रीराम के पास पहुंचने का प्रसंग सुनाया। हरि शरण जी महाराज ने हनुमान जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान से भक्त बड़ा होता है। हनुमानजी महान योद्धा के साथ-साथ ज्ञानी भी थे और अपनी चतुराई के साथ रावण की लंका दहन कर यह अवगत करा दिया। इस अवसर विशंभर श्रीवास्तव, रीता सिंह, अनुपम श्रीवास्तव, अनिल अग्रवाल, हरिमोहन भटनागर, के एन अग्रवाल, पीएम पांडे, रजनी, गोविंद नयन बाला, दीपा श्रीवास्तव, मीनू खनेजा, पूनम शर्मा, अनिल अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण बंसल आदि शामिल हुए।

# दूषित पानी पीने को मजबूर है, नागरिक : कुसुम गोयल



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 72 में कोशाम्बी के प्लॉट एरिया में क्षेत्रवासियों को जल सप्लाई में दूषित पानी परोसा जा रहा है, जिसके कारण लोगों के घरों में गंदे और बदबूदार पानी की आपूर्ति हो रही है। परिणाम स्वरूप वार्डवासी काफी परेशान हैं।

लोगों को पेयजल के लिए शुद्ध पानी भी नहीं मिल रहा है। इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल ने नगर आयुक्त को पत्र लिखर अवगत कराया है। कुसुम गोयल ने बताया कि कौशांबी प्लॉट एरिया में काफी लंबे समय से गंदे पानी की शिकायत आ रही है। नगर निगम के अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने के बाद भी इस विषय पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गर्मी का समय है, गंदे पानी की वजह से बीमारियां फैलने का डर लगा रहता है। ऐसा ना हो कभी इंदिरापुरम की तरह यहां भी लोग दूषित पानी से बीमार पड़ जाए। इस समस्या का अतिशीघ्र निवारण किया जाए।

# राम चमेली चड्ढा विश्वास गर्ल्स कॉलेज को एनएसीसी बी++ की महान उपलब्धता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राम चमेली चड्डा विश्वास गर्ल्स कॉलेज गाजियाबाद ने महाविद्यालय को एनएसीसी द्वारा उत्कृष्ट ग्रेड बी++ प्रदान होने एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित करने के लिए भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर, सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यक्ष व भूतपूर्व विधायक कृष्णवीर सिंह सिरोही, सचिव डॉ. गीता मल्होत्रा, प्रधानाचार्या डॉ. नीतू चावला, रजिस्ट्रार शशि खन्ना, संयोजिका गीतांजलि खुराना ने बड़े ही हर्ष के साथ घोषणा की कि एनएसीसी द्वारा महाविद्यालय को बी++ ग्रेड प्रदान किया गया है।

### सभी गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरा महाविद्यालय

**करंट क्राइम।** महाविद्यालय टीम के दौरे के दौरान सभी गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरा। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ है, शिक्षक ही समाज को ज्ञान और संस्कार प्रदान करते हैं। समाज को दिशा प्रदान करने वाले गुरुओं का सम्मान सदैव करना चाहिए।

### विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को किया गया सम्मानित

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में महर्षि दयानंद विद्यापीठ, नेशनल पब्लिक स्कूल, एम पी एस स्कूल, अवार्चीन स्कूल, भागीरथ पब्लिक स्कूल, सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल, संस्कार वर्ल्ड स्कूल, ग्रीन फील्ड स्कूल सहित और बहुत विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को समाज को शिक्षित कर उचित दिशा प्रदान करने के लिए सम्मानित कर भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। मंच का संचालन एवं रूपरेखा तैयार करने में डॉ. नीलम श्रीवास्तव, प्रीति वासवानी, डॉ. मनीषा सिंह एवं अंजू सिंह का योगदान रहा।

## चिन्टू जी





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बेटियां सौभाग्य से मिलती है। बेटी हमेशा अपने पापा की राजकुमारी होती है। बेटी के हैप्पी बर्थडे पर पापा आदेश शर्मा ने अपने मन के भावों को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। आकृति के जन्मदिन पर आदेश शर्मा ने प्रभु से कामना की कि प्रभु का आशीर्वाद बिटिया पर बना रहे। वो अपने अम्मा बाबा और परिवार का नाम रोशन करे। जन्मदिन की खुशी और उसमे सिमटा परिवार, बुजुर्ग और परम पिता परमेश्वर। आदेश शर्मा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।